
हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 7 मई 2024


तापमान

अधिकतम 42.4 डिग्री

न्यूनतम 28.6 डिग्री


04 मतपेटी जमा करने ट्रैफिक पुलिस ने दुर्ग पार्किंग प्लान किया तैयार


06 सेन महाराज की 724वीं जयंती मनाई गई











## खबर संक्षेप

### मकान मालिक से लाखों की ठगी

**भिलाई।** फोन कर मकान मालिक का आवाज निकालकर किराएदार से ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि विनोबा नगर जुनवानी निवासी उमेश साहू 24 अप्रैल को अपने घर पर था। शाम 5 बजे उसके मोबाइल नंबर पर अज्ञात ने कॉल कर अर्जेंट में रुपए की आवश्यकता होने का झांसा दिया। पीड़ित को मकान मालिक होने का विश्वास हो गया। उसके बाद 24 से 27 अप्रैल के मध्य अलग अलग किस्तों में कुल 3 लाख 96 हजार 503 रुपए खाते में ट्रांसफर कर दिए। उमेश साहू ने पुलिस को बताया कि उसका खाता यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा रीवा एमपी में है। घटना के एक दिन बाद जब मकान मालिक किराएदार के घर पहुंचा तो रुपए को लेकर उसने इंकार कर दिया। तब पीड़ित को एहसास हुआ कि वह ठगी का शिकार हो गया। पुलिस अज्ञात मोबाइल धारक की तलाश में जुटी हुई है।

## चुनाव पर्व : भाजपा के लिए दोहराने की और कांग्रेस को वापसी की चुनौती

# गर्मी इसलिए मतदान सुबह 7 बजे से

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई/दुर्ग

दुर्ग लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए मंगलवार 7 मई को मतदान होगा। भीषण गर्मी को देखते हुए सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान किया जा सकेगा। इस संसदीय क्षेत्र के 9 विधानसभाओं के 20 लाख 90 हजार 414 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। भाजपा के लिए अपने प्रत्याशी को दोबारा सांसद बनाने की और कांग्रेस के लिए इस सीट को फिर से अपने कब्जे में लेने की चुनौती है। निर्वाचन आयोग ने अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सके इसके लिए मतदाता फोटो परिचय पत्र के साथ अन्य वैकल्पिक सुविधाएं भी दी है।



### कुल 2223 बूथों में होगा मतदान

जिला निर्वाचन आयोग ने दुर्ग लोकसभा चुनाव के लिए कुल 2223 मतदान केंद्र बनाए हैं। जिसमें 62 पाटन, 63 दुर्ग ग्रामीण, 64 दुर्ग शहर, 65 भिलाई नगर, 66 वैशाली नगर, 67 अहिवारा, 68 साजा, 69 बेमेतरा, 70 नवागढ़ विधानसभा शामिल है। सहायक मतदान केन्द्रों की संख्या 36 (29 जिला दुर्ग, 07 जिला बेमेतरा) है

### 3658 बल मतदान केंद्रों में तैनात

मतदान को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए 1829 सैनिक बल तैनात किया गया है। 8 विधानसभा क्षेत्रों में 1070 वर्दीधारी, 439 विशेष पुलिस अधिकारी एवं 320 क्षेत्र अर्द्ध सैनिक बल तैनात किए गए है। जिले में निर्वाचन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था हेतु सीआरपीएफ, बीएसएफ पहुंच चुकी है। पुलिस की भी ड्यूटी प्रत्येक बूथों में लगाई गई है।

### दुर्ग लोकसभा में मतदाता

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता- | 20 लाख 90 हजार 414 |
| पुरूष मतदाता- | 10 लाख 42 हजार 000 |
| महिला मतदाता- | 10 लाख 48 हजार 360 |
| अन्य मतदाता- | 54 मतदाता |

### आयु वर्ग के अनुसार मतदाता

| | |
|---|---|
| 18 से 19 वर्ष- | 56 हजार 330 |
| 20 से 29 वर्ष- | 4 लाख 60 हजार 852 |
| 30 से 39 वर्ष- | 6 लाख 20 हजार 513 |
| 40 से 49 वर्ष- | 4 लाख 16 हजार 849 |
| 50 से 59 वर्ष- | 2 लाख 94 हजार 945 |
| 60 से 69 वर्ष- | 1 लाख 53 हजार 535 |
| 70 से 79 वर्ष- | 68 हजार 935 |
| 80 प्लस वर्ष- | 18 हजार 445 |

### 7000 मतदान कर्मी रवाना

विधानसभा 62 पाटन के 246 मतदान केंद्र, 63 दुर्ग (ग्रामीण) के 230 मतदान केंद्र, 64 दुर्ग (शहर) के 224 मतदान केन्द्र, 65 भिलाई नगर के 169 मतदान केन्द्र, 66 वैशाली नगर के 256 मतदान केन्द्र, 67 अहिवारा के 260 मतदान केन्द्र, 68 साजा के 102 मतदान केन्द्र एवं 69 बेमेतरा के 22 मतदान केन्द्र हेतु कुल 7243 मतदान अधिकारियों को आज रवाना किया गया, जिसमें पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी-1, मतदान अधिकारी-2, मतदान अधिकारी-3 शामिल है। 1207 मतदान कर्मियों को रिजर्व में रखा गया है। इन मतदान केन्द्रों के लिए मतदान दलों को सामग्री का वितरण किया गया है।

## भाजपा के विजय व कांग्रेस के राजेंद्र के बीच मुकाबला

### कांग्रेस को पिछले चुनाव की बढ़ी खाई को पाटने की चुनौती



पिछले चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी विजय बघेल ने मोदी लहर में रिकार्ड 3 लाख 91 हजार 798 वोटों के अंतर से जीत हासिल की थी। विजय को 8 लाख 49 हजार 374 वोट मिले थे। जो वोट शेयरिंग के हिसाब से 61 प्रतिशत रहा। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी प्रतिमा चंद्राकर को 4 लाख 57 हजार 396 मत मिले जो कि 33 प्रतिशत वोट शेयरिंग थी। इस तरह पिछले चुनाव में कांग्रेस को एक बड़ी खाई पाटना होगा। कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू के लिए यह बड़ी चुनौती रहेगी।

### विधानसभा में भाजपा का 14.95 प्रतिशत वोट बढ़े

वहीं पांच महीने पहले हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 9 विधानसभा क्षेत्रों में 8,09,877 वोट मिले जो कुल वैध मतों का 52.29 प्रतिशत है। जबकि कांग्रेस को 43 प्रतिशत यानी 6,70,881 वोट प्रात हुए। इस तरह दोनों दलों के बीच वोट का अंतर 9.29 प्रतिशत रहा है। पिछले दो चुनाव में दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के 5.66 प्रतिशत मतदाताओं ने कांग्रेस का साथ छोड़ा है। इस तरह भाजपा का वोट प्रतिशत 15.96 प्रतिशत बढ़ा है।

### इन 12 अन्य पहचान पत्रों से वोट

एपिक कार्ड के अलावा 12 अन्य प्रकार के पहचान पत्रों को प्रस्तुत कर मतदान करने की सुविधा प्रदान की गयी है। कोई भी मतदाता, मतदाता पहचान पत्र के अलावा इन 12 प्रकार के पहचान पत्रों को अपने सम्बद्ध मतदान केन्द्रों में प्रस्तुत कर मतदान कर सकते हैं। जिसके तहत आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक अथवा डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय द्वारा स्वास्थ्य बीमा स्कीम के तहत जारी स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, पैन कार्ड, रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया द्वारा नेशनल पापुलेशन रजिस्टर के अंतर्गत जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र अथवा राज्य सरकार या पब्लिक लिमिटेड कंपनी के कर्मचारियों को जारी किया गया फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों को जारी किया गया पहचान पत्र (यूडीआईडी) के माध्यम से मतदान किया जा सकता है।

## पारा 42 डिग्री सेल्सियस पार इसलिए मौसम विभाग की मतदाताओं के लिए एडवाइजरी

- सुबह 10 बजे तक या शाम को 4 बजे के बाद बुजुर्ग मतदान करें । इससे तापमान का शरीर पर ज्यादा असर नहीं होगा ।
- मतदान के पूर्व तरल पेय का अच्छे से सेवन करके मतदान के लिए निकले।
- साथ में शुद्ध पेयजल रखें । थोड़ी -थोड़ी देर में घूंट-घूंट पानी पीते रहे । इससे शरीर हाइड्रेट बना रहेगा।
- 9 बजे के बाद मतदान के निकलने के पूर्व शरीर को अच्छी तरह ढक कर बाहर निकलें ।
- धूप में ज्यादा देर तक खड़े न रहें।
- जहां भी छाया मिले, उसका उपयोग करें।

### कलेक्टर ने सामग्री वितरण का लिया जायजा

मतदान सामग्री वितरण केन्द्र शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, मानस भवन एवं शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग (साईंस कॉलेज दुर्ग) से मतदान दलों को मतदान सामग्री के साथ मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया।









## खबर संक्षेप

### अधेड़ ने लगाई फांसी

**भिलाई।** अधेड फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि सोमवार की सुबह अहिवारा से 5 किलोमीटर दूर ग्राम गिरोला में तालाब के पास पेड़ पर एक अधेड का शव फांसी पर लटकता मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुची और शव को शिनाख्त किया। मृतक की पहचान गिरधारी यादव को रुप में हुई। मृतक खेती किसानी का काम करता था। मृतक के पास से एक सुयाडल नोट भी बरामद हुआ है। जिसमें बीमारी से परेशान होना लिखा हुआ था।

### ठेका श्रमिक की मौत

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में दुर्घटनाओं को सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा । सोमवार को फिर सेक्टर नौ में एक ठेका मजदूर की मौत हो गई। बीएसपी में काम करने वाले ठेका मजदूर लाल बहादुर सिंह 52 वर्ष ठेकेदार सुजीत पाल के अंडर में कार्यरत थे। कंपनी के सुपरवाईजर आसाराम चौधरी के साथ सेक्टर 9 में निर्माणाधीन पंप हाउस में पैनल बिठाने का काम कर रहे थे। अचानक संतुलन खोने से लाल बहादुर 20 फीट गहरे गड्ठे में गिर गए। इससे उनके सर पर गंभीर चोटें आईं। उन्हें तत्काल सेक्टर नौ हास्पिटल के आईसीयू में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

### लूट का आरोपी पकड़ाया

**भिलाई।** जेवलरी शॉप से सोने की चेन लूट कर फरार होने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाप पुलिस ने धारा 392 के तहत जुर्म दर्ज किया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि गवली पारा जयश्री ऑयल मिल के सामने दुर्ग निवासी अजय कुमार जैन का मेरा जामा मस्जिद जवाहर चौक दुर्ग के पास ताराचंद प्रेमचंद ज्वेलर्स नाम से सोने चांदी की शॉप है। 5 मई की दोपह पिता ताराचंद जैन दुकान मे बैठे थे। दोपहर 3.15 के आस पास दुकान में अज्ञात युवक 20 से 30 साल का पहुचा था। पिता को 40 हजार रेंज तक की जेवरात दिखाने को कहा था। युवक नशे की हालत में होने से उसे दुकान से जाने को कहा था। लेकिन युवक ने सोने की चैन को हाथ से पकडकर झटके से लूटकर दुकान से फरार हो गया। आसपास के लोगों युवक को दौडाकर पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। पुलिस पूछताछ में युवक ने अपना नाम उत्कल नगर दुर्ग निवासी राजू सोनी होना बताया। आरोपी अस्पताल में उपचार के लिए पहुचा था। चैन 23 ग्राम करीब 1 लाख 60 हजार रुपए की आंकी गई।

### बीएसपी कर्मी हुआ ठगी का शिकार

**भिलाई।** गाना डॉट कॉम का झांसे में आकर बीएसपी कर्मी ने लाखों रुपए का ठगी का शिकार हुआ। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। भठ्ठी पुलिस ने बताया कि सेक्टर 2 सडक 8 क्वाटर नंबर 1 सी निवासी रविशंकर पाण्डेय ने गाना डॉट कॉम ऐप में 99 रूपये का आटो पे होने पर बैंक खाते से पैसा कटने पर गुगल में गाना डॉट कॉम का कस्टमर केयर नंबर सर्च किया। इसके बाद अज्ञात मोबाईल नंबर से से पीड़ित को रूपये वापस करने के नाम पर 1 लाख 18 हजार 449 रुपए का ठगी किया। पीड़ित बीएसपी कर्मी है। ऑन लाईन गाना सुनने गाना डॉट कॉम ऐप में 99 रूपये का मंथली रिचार्ज ऑन लाईन किया था। कस्टमर केयर से जब पीड़ित ने जब बात किया तो शिकायत के निराकरण करने कंपनी के सीनियर फोन पर बात करने का झांसा दिया गया। एप में कुछ प्रोसेस करने को पीड़ित से अज्ञात मोबाइल धारक ने कहा रुपए वापस मिलने के चक्कर में खाता से 24 हजार 998, 20 हजार रूपये कटने का मैसेज आ

# भीषण गर्मी में टाउनशिपवासियों को मिली राहत, आज से दोनों टाइम पानी

## बीएमएस ने कहा - सांसद विजय की पहल रंग लाई, पिछले 6 साल से 1 समय ही मिलता था पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई इस्पात मजदूर संघ और बीएसपी टाउनशिप के कर्मचारीयों की मांग थी कि दोनों समय जलापूर्ति की जाय जिसको गंभीरता से लेते हुए भिलाई इस्पात मजदूर संघ ने दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल एवं प्रबंधन से दोनों समय जलापूर्ति करने की मांग की थी। यूनियन के पदाधिकारियों ने जारी बयान में बताया कि पूर्व में सांसद प्रबंधन पर दबाव बनाए हुए थे, जिसके परिणाम स्वरूप आज शाम से दोनों समय जलापूर्ति प्रारंभ की जा रही है। टाउनशिप के निवासियों की लंबे समय से अपेक्षित मांग पूर्ण होने पर यूनियन ने सांसद विजय बघेल और बीएसपी प्रबंधन का आभार व्यक्त किया है। कार्यकारी अध्यक्ष रवि शंकर सिंह हरिशंकर चतुर्वेदी, विनोद शारदा गुप्ता. आईपी मिश्रा, अशोक कुमार, कैलाश सिंह, सुरेंद्र चौहान, रवि चौधरी, दीनानाथ जायसवाल, अनिल सिंह आदि कार्यकर्ताओं ने आभार व्यक्त किया।

### बीडब्ल्यूयू ने डायरेक्ट इंचार्ज से की थी मांग

बीएसपी वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष उज्जवल दत्ता ने बताया कि गर्मी के मौसम में टाउनशिवासियों की परेशानी को देखते हुए यूनियन पदाधिकारियों ने बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज और सांसद विजय बघेल से टाउनशिप दोनों टाइम पानी जाने की मांग की। श्री बघेल ने भी डायरेक्ट प्रभारी से चर्चा की और जलापूर्ति का भरोसा दिलाया था। यूनियन के मांग पर टाउनशिप में शाम को भी जलापूर्ति शुरु हो गई है। श्री दत्ता व शिवबहादुर सिंह आदि पदाधिकारियों ने श्री बघेल व बीएसपी प्रबंधन का आभार जताया है।



### आज से सभी सेक्टरों में वाटर सप्लाई

टाउनशिप में सोमवार से दोनों टाईम जलापूर्ति शुरु कर दी गई। लंबे समय से शाम के समय बंद जलापूर्ति को फिर से शुरु करने के लिए नगर सेवाएं विभाग के वाटर सप्लाई विभाग को खासी मशक्कत करनी पड़ी। सप्लाई के पूर्व विभिन्न सेक्टरों के ओवरहेड टैंकों को पर्याप्त भरने में काफी समय लगता है। सभी टंकियों के भरने और ट्रायल के चलते पहले दिन सोमवार को जलापूर्ति तो शुरु हुई लेकिन सेक्टर 6,7 आदि कुछ सेक्टरों के कुछ क्षेत्रों के क्वार्टरों में जलापूर्ति नहीं हो पाई। सूत्रों के मुताबिक मंगलवार से सुबह के साथ शाम को भी नियमित रुप से सभी सेक्टरों के समूचे क्षेत्र में जलापूर्ति की जाएगी। इसके लिए विभाग द्वारा सभी पानी टंकियों को समय पर भरे जाने की तैयारी पूर्ण हो चुकी है।

## लोकसभा चुनाव को लेकर वोटरों को वोट देने की गई अपील

# लोस चुनाव का बिगुल संपर्क अभियान बंद, घर-घर जाकर लोगों को रिझाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

लोकसभा चुनाव शोरगुल संपर्क अभियान बंद होने के बाद दुर्ग लोकसभा सांसद प्रत्याशी विजय बघेल जामगांव आर मल्लीनाथ जैन मंदिर पहुंचकर दर्शन किए और विजय श्री के लिए आशीर्वाद की मंगल भावना व्यक्त किए। साथ में मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, उत्तर मंडल अध्यक्ष लोकमनी चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य हर्षा, सांसद प्रतिनिधि राजा पाठक, मनीष जैन, उज्ज्वल केला, भीखम राठी ने भी भगवान मल्लीनाथ दादागुरूदेव शांतिगुरुदेव का दर्शन किए। तत्पश्चात जैन भवन में उपस्थित मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार किए।

सांसद विजय बघेल ने कहा कि कार्यकर्ता समर्पित मतदाता मोदीमय अपने आपको प्रत्याशी मानकर मेहनत करें । भाजपा की नियत नीति मोदी सरकार, विष्णुदेव सरकार के संदेश को घर-घर पहुंचाएं। मतदान से कोई भी वंचित नहीं रहे यह विशेष ध्यान सभी को रखना है। गर्मी से राहत के सारे जतन पर ध्यान रखे। प्रचंड बहुमत से भाजपा को विजय दिलाकर खुद भी गौरवान्वित हो और देश को गौरवान्वित करे। भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू महिला मंडल अध्यक्ष शैलेंद्री मंडावी भाजपायुवा मोर्चा अध्यक्ष नारद साहू ने बताया बाइक रैली के पश्चात डोर टू डोर संपर्क पूर्ण हो चुकी है। अब मंगलवार को अधिक से अधिक मतदान हो सके इस प्रयास योजना पर नजर टिकी हुई है। इस अवसर पर महामंत्री तेजेंद्र पिपरिया, कामता प्रसाद साहू, नरेश केला, द्रोण चंद्राकर, अरुण चंद्राकर, केशव साहू, गोवर्धन साहू, विजय चंद्राकर, उज्ज्वल केला, कन्हैयालाल साहू, मेघनाथ सगरवंशी, भीखम राठी, आदेश यदु, मुकेश साहू, कोमल साहू, गणेश राव, खोमलाल साहू, रोमाल साहू, शैलेंद्र साहू, संतोष साहू सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विजय ने मल्लीनाथ जैन मंदिर पहुंचकर मांगा आशीर्वाद



### रजनी ने की मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील

**भिलाई।** लोकसभा चुनाव अब अंतिम चरण में है। 7 मई को मतदान होगा, चुनावी प्रचार थम गए है और अब प्रत्याशी घर-घर जाकर मतदाताओं से हाथ जोड़ वोट मांग रहे हैं। ऐसे में



भाजपा के दुर्ग लोकसभा प्रत्याशी विजय बघेल की पत्नी रजनी बघेल ने दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं को अपील की है कि उन्होंने सभी बड़े बुजुर्ग, माताओं, बहनो और युवा साथी वे सभी अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें। और मतदान के पहले एक बार यह जरूर सोंचे कि उनका अमूल्य वोट राष्ट्र के निर्माण, देश और देश की जनता के हित और विकास के लिए हो। कोई भी इस मतदान से ना चुके। क्योंकि यह कोई चुनाव नहीं है। यह परिवर्तन की बेला है। यह चुनाव एक महायज्ञ है। इस महायज्ञ में हम सबको 7 मई को भाजपा में कमल के फूल छाप में बटन दबाकर एक आहुति देना है और पुण्य का भागीदार बनना है। कोई चूकना नहीं है, वरना बाद में पछताओगे की जब राष्ट्र का निर्माण हो रहा था, जब एक बार फिर हमारा देश विश्व गुरु बनने जा रहा था तब हमने अपना भागीदारी नही निभापाये। इस लिए किसी के बात में नहीं आना है और राष्ट्र के निर्माण के लिए, देश को फिर से सोने की चिडिया बनाने, फिर से विश्व गुरु बनाने, देश की खोई हुई स्मिता, मान सम्मान को वापस लाने के लिए भाजपा को जितना है। मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए, तीसरे नंबर का बटन दबाना है और एक बार फिर से जब मोदी पीएम बनेंगे तब हमारा देश पूरे विश्व शिखर पर तीसरे नंबर पर पहुंचेगा और जब हम 100 वा आजादी का पर्व मनाएंगे तब हमारा देश विश्व मे नम्बर 1 पर होगा।

### हनोदा के मतदाताओं को जागरुक करने निकाली रैली



**उतई।** युवा जन कल्याण संगठन हनोदा एवं गायत्री परिवार के संयुक्त तत्वावधान में ग्रामीण मतदाताओं को जागरूक करने मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में युवक-युवतियों द्वारा शत-प्रतिशत मतदान करने संदेश देकर नारे भी लगाए गए। रैली गायत्री मंदिर से प्रारंभ होकर ग्राम के बाजार चौक में समाप्त हुई। जहाँ ग्रामीण भारी संख्या में उपस्थित थे। जिन्हें युवा संगठन के संरक्षक गौकरण टंडन, डॉ. सीएल साहू, घनश्याम धृतलहरे, देवी प्रसाद साहू ने संबोधित करते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग करने जागरुक किया। युवा संगठन के अध्यक्ष प्रकाश पटेल ने कहा कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। रैली में राकेश साहू, भूपेंद्र कुम्भकार, शीतल कुम्भकार, रोशन पटेल, यशवंत साहू, गीतांजलि, यामिनी, योगिता, चंचल, निधि, मुकेश, ज्ञानेश्वर, स्वेता, हंसिका सहित युवा संगठन व गायत्री परिवार के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### दुर्ग लोस भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल को पाटन विधानसभा क्षेत्र से मिल सकती है बड़ी लीड

**पाटन।** दुर्ग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी एवं सांसद विजय बघेल को पिछली बार की तुलना में इस बार की लोकसभा चुनाव में पाटन विधानसभा क्षेत्र



से लगभग पच्चीस हजार से ऊपर वोट से लीड मिली थीं। जो इस बार इससे डबल लीड मिलने की उम्मीद भाजपा कार्यकर्ता लगा रहे हैं। पिछली बार छत्तीसगढ़ मे कांग्रेस की सरकार थी। वहीं दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री सहित चार-चार मंत्री थे। उसके बाद भी रिकॉर्ड लगभग लाख वोटों से विजय बघेल को दुर्ग लोकसभा क्षेत्र से जीत मिली थी। लेकिन इस बार परिस्थितियां बदल गई हैं। भाजपा कार्यकर्ता पूरे ऊर्जा के साथ बूथ स्तर के कार्यकर्ता युद्ध स्तर पर अपने काम में लगा हुआ है। मीडिया से चर्चा करते हुए उत्तर पाटन के मंडल अध्यक्ष लोकमनी चंद्राकर ने कहा कि भाजपा पाटन ही नही पूरे दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के 9 विधानसभा में बड़ी लीड के साथ जीत दर्ज करेंगे। छत्तीसगढ़ में चार माह पूर्व विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को करारी हार मिलने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता अभी तक उत्साह देखने को नही मिला। कांग्रेस के कार्यकर्ता मायूस नजर आ रहे हैं। अब देखना होगा कि दुर्ग लोकसभा में आज मतदान के बाद जीत हार जोड़ तोड़ शुरू होगी। जब तक कि 4 जून को रिजल्ट नही आ जाती तब तक यह चलता रहेगा।

# मतपेटी जमा करने ट्रैफिक पुलिस ने दुर्ग पार्किंग प्लान किया तैयार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

लोकसभा चुनाव को मतदान के बाद मतपेटियों सुरक्षित रखने ट्रैफिक पुलिस ने पार्किंग प्लान तैयारी किया है। शंकराचार्य कॉलेज ,जुनवानी मे मतपेटी जमा करने के दौरान कॉलेज के मुख्य द्वार, गेट 1 से ऑब्जर्वर, आरओ , पीआरओ सीनियर अधिकारीगणों के वाहन प्रवेश करेंगे। डीएसपी ट्रैफिक सतीश ठाकुर ने बताया कि मतपेटी जमा करने में लगे अधिकारी कर्मचारी जिनको पूर्व से पास जारी हुआ है। वे सभी अपने वाहन गेट नंबर 2 से प्रवेश कर बाये साइड स्थित कॉलेज पार्किंग में वाहन पार्क करेंगे। सभी सेक्टर अधिकार अपने वाहन डी मार्ट के सामने मैदान में वाहन पार्क कर पैदल आएगें। जुनवानी चौक से चिखली चौक, बाईपास रोड मे किसी भी प्रकार के वाहन मार्ग में खड़ा नहीं करेंगे। 7 मई को इस क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। मतदान ड्यूटी मे लगे अधिकारी कर्मचारी को लेने आने वाले परिजन अपने वाहन डी मार्ट के पीछे खड़ा करेंगे। ये कर्मी अपने वाहन लेने मानस भवन, साइस कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज जाने के लिये वाहन शाखा कंट्रोल रूम शंकराचार्य कॉलेज मे बस की सुविधा उपलब्ध रहेगी। धमधा, आहिवारा की ओर से आने वाले बस करहीडीह चौक से प्रवेश कर डी मार्ट के सामने वाहन खड़ा करेंगे। भिलाई नगर, पाटन की ओर की ओर से आने वाले बस बाईपास से डी मार्ट कटिंग से प्रवेश कर डी मार्ट के सामने वाहन खड़ा करेंगे। दुर्ग शहर, दुर्ग ग्रमीण की ओर की ओर से आने वाले बस धमधा नाका से बाईपास होते हुये डी मार्ट के सामने से प्रवेश कर डी मार्ट के सामने वाहन खड़ा करेंगे। इसके अलावा वैशाली नगर की ओर से आने वाले बस जुनवानी चौक होते हुये डी मार्ट के सामने वाहन खड़ा करें पाएगें।

■ भीड़ से बचने वाहन पार्किंग में रखें

### नेहरु नगर चौक में पिलाया आम का पना



**भिलाई।** शहर में गर्मी अब अपने तेवर दिखाने लगी है। 42 डिग्री सेल्सियस में राहगीरों और फील्ड में काम करने वालों का प्यास से बुरा हाल होता है। इनकी परेशानियों को देखते हुए सामाजिक सरोकार से जुड़े लोगों ने रविवार को फोरलेन नेहरुनगर चौक पर लोगों को आम का मीठा पना पिलाया। चिलचिलाती धूप से बेखबर युवक डिस्पोजल ग्लास में घंटों लोगों को डिस्पोजल ग्लास में पना पिला रहे थे। सभी ने इस समाजसेवी कार्य की सराहना की। इस कार्य में दामोदर तिवारी, गुरमीत सिंग धींगड़ा, तुलसी, दिलीप वजवानी, दीपक चौरसिया, चितरंजन श्रीवास्तव और सूरज साहू आदि का योगदान रहा।

# भिलाई निगम का एक और पार्षद सलमान बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

संभागायुक्त न्यायालय ने भिलाई नगर निगम के एक और पार्षद को पद से बर्खास्त कर दिया है। वार्ड क्रमांक 35 के पार्षद मो. सलमान द्वारा प्रस्तुत जाति प्रमाण पत्र फर्जी और कूटरचित पाया गया है। इस आधार पर न्यायालय ने पार्षद को हटाने का आदेश जारी किया है। संभाग आयुक्त एसएन राठौर के समक्ष नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा व चंदन यादव ने इस मामले की शिकायत की गई थी।



### न्यायालय ने कहा - दस्तावेज कूटरचित

संभागायुक्त न्यायालय ने आवेदक और अनावेदक दोनों पक्षों की सुनवाई की। उसके बाद यह निष्कर्ष दिया है कि उल्लेखित प्रकरण क्रमांक 363 ब-121 सन 2015-16 में लेख है तथा संबंधित वर्ष के दायरा पंजी में अन्य व्यक्ति नोमिता देशमुख पिता युवराज देशमुख के नाम से जाति प्रमाण पत्र अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दुर्ग ने जारी किया है। इससे यह स्पष्ट है कि सक्षम अधिकारी के द्वारा पार्षद मो. सलमान को छत्तीसगढ़ अनूसुचित जाति, अनूसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग अधिनियम 2013 की धारा 4 के तहत जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया है। यह प्रथम दृष्टया फर्जी व कूचरचित दस्तावेज है। इसलिए पार्षद मो. सलमान को नगर पालिका अधिनियम 1956 की धारा 19- 1, अ-1 के तहत हटाने की कार्रवाई की जाती है।

### कोर्ट के समक्ष, पार्षद ने यह दलील रखी

संभागायुक्त न्यायालय में सुनवाई के दौरान पार्षद मो. सलमान ने अपने पक्ष में यह तर्क दिया कि चुनाव के तीन साल बाद यह आरोप लगाया गया है। नोमिता देशमुख के नाम से जारी जाति प्रमाण पत्र होना पाया गया है केवल इस आधार पर फर्जी करार देना गलत है। उनका जन्म, शिक्षा और उनके पिता की शिक्षा भिलाई में हुआ है। शिक्षा के दौरान उनके सटिफिकेट में कुंजड़ा जाति का उल्लेख है। कुंजड़ा मुस्लिम वर्ग समूह के ओबीसी में वर्णित है। छत्तीसगढ़ राज्य में कुंजड़ा एक अन्य पिछड़ा वर्ग की श्रेणी में आता है इसलिए पिछड़ा वर्ग के अधिकार का हनन नहीं हुआ।

### इसके पहले पार्षद नीतिश हुए थे बर्खास्त

शुक्रवार को संभागायुक्त न्यायालय ने भिलाई निगम के वार्ड क्रमांक 24 के पार्षद नीतिश कुमार यादव हटाने का आदेश पारित किया था।संभागायुक्त एसएन राठौर ने आदेश में वार्ड क्रमांक 24 अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित सीट में पार्षद नीतिश यादव द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग का जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करने के मामले में बर्खास्त किया था ।अपने फैसले में छत्तीसगढ़ नगर पालिक नियम अधिनियम 1956 की धारा 19 1 अ .1 के तहत यह कार्रवाई की। पार्षद नीतिश कुमार यादव उस आरक्षित प्रवर्ग अन्य पिछड़ा वर्ग का नहीं है। जिसके लिए आरक्षित रखा गया था। जिसके कारण उन्हे धारा 19.1 के तहत पार्षद पद से हटाए जाने का पर्याप्त आधार पाया था। नीतिश आरक्षित प्रवर्ग से नहीं था।

**मुकदमें के फैसले के बारे में समन्स**
(व्यवहार प्रक्रिया संहिता, आदेश 5 नियम 1 और 5)
परिवाद क्रमांक सी.सी./2022/194
जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, दुर्ग (छ.ग.)
आवेदक / परिवादी धनेश कुमार पिता रूपराम निषाद उम्र 42 वर्ष निवासी-ग्राम-कोलिहापुरी तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) बनाम
अनावेदक (2) शाखा प्रबंधक सहारा स्टार मल्टीपरपस को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड कार्यालय आर्या मोबाईल के ऊपर महाराजा चौक आदर्श नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
आवेदक/परिवादी ने अनावेदक के विरूद्ध उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के तहत रू. 11,00000 मय ब्याज एवं मानसिक क्षति के लिए परिवाद प्रस्तुत किया है, आपको इस समंस द्वारा आदेशित किया जाता है कि आप प्रकाशन की तिथि के 30 दिवस के अन्दर / पेशी दिनांक 18/07/2024 को सुबह 11 बजे स्वयं या ऐसे किसी प्लीडर/अधिवक्ता द्वारा उपसंजात होकर अपना पक्ष मय शपथ पत्र के साथ प्रस्तुत करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा आधारित है और आप यदि किसी अन्य दस्तावेज समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है, तो आप ऐसे दस्तावेज की सूची के साथ अपने लिखित प्रतिरक्षा के साथ पेश करें।
आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त बतायी गई पेशी तिथि को या उसके पूर्व या समंस तामिली के 30 दिवस के अन्दर इस जिला आयोग में उपसंजात नहीं होंगे तो परिवाद की सुनवाई और निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।
आज दिनांक 06/05/2024 को जिला आयोग की मुहर से जारी किया गया।
अध्यक्ष
(मुहर) जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग दुर्ग
जिला-दुर्ग (छत्तीसगढ़)

**न्यायालय तहसीलदार बोरी, जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र.-202402102700027/ब-121 / वर्ष 2023-24
एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक दिलेश्वर चंदानिया पिता किशन चंदानिया, निवासी ग्राम गाड़ाडीह, तहसील बोरी, जिला दुर्ग, छ.ग. द्वारा बुधनबाई पति घनश्याम जांगडे की मृत्यु दिनांक 12.10.1987 को ग्राम गाड़ाडीह में होने के कारण उपरोक्तानुसार मृत्यु प्रमाण पत्र आदेश प्रदाय किये जाने आवेदन पत्र मय शपथपत्र अनुपलब्धता प्रमाणपत्र, पटवारी प्रमाणपत्र सहित आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जोकि इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अतः उपरोक्तानुसार आवेदक को बुधनबाई पति घनश्याम जांगड़े का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति / दावा हो तो वे नियत समय में स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई दिनांक 08/05/2024 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 18.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।
तहसीलदार
बोरी

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई-3
**मामले की श्रेणी : राजस्व**
संदर्भः जिला- दुर्ग तहसील-भिलाई-3 प.ह.न.-00005 मोरीद ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202324430303400007
**ईश्तहार**
तहसील भिलाई-3 के प.ह.न. 00005 के अंतर्गत ग्राम मोरीद के वर्तमान भूमिस्वामी सुनीता पिता/पति-मंगतू राम पता-मोरिद, मंगतू राम पिता/पति-लच्छीराम पता-मोरिद, अनिता पिता/पति-मंगतू राम पता-मोरिद के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 860(0.2000) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता नेमी चंद वर्मा पिता/पति-मंगतू राम वर्मा पता-मोरिद, अहिल्या वर्मा पिता/पति-मंगतू राम वर्मा पता मोरिद, कृष्ण कुमार वर्मा पिता/पति-मंगतू राम वर्मा पता-मोरिद के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20/05/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई- 3 पर की जावेगी।
उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आम मुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26/04/2024 को जारी किया जाता है।
RAVI VISHWAKARMA
नायब तहसीलदार
भिलाई-3, जि.- दुर्ग (छ.ग.)

## बिजनेस साइट

# सीमित समय के लिए हैं खास आखों के लिए खास ऑफर

**भिलाई।** खास आखों के लिए खास ऑफर, ये ऑफर मत छोड़ना। एक कोडेक प्रोग्रेसिव लेंस की खरीद पर एक मुफ्त प्रोग्रेसिव लेंस हमारे विशेष ऑफर के साथ प्रोग्रेसिव लेंस की सुविधा का आनंद लें। ब्लू कट लेंस + फ्रेम शुरूआत मात्र 699 में। हानिकारक ब्लू लाइट से अपनी आंखों की सुरक्षा करें और हमारे ब्लू कट लेंस + फ्रेम कम्बो के साथ ऑफर का आनंद उठाए। 2499 की कोई भी स्पेक्टेकल्स खरीदें और 500 वाउचर मुफ़्त पाएं। हमारे विशाल स्पेक्टेकल कलेक्शन के साथ अपने आईवियर कलेक्शन को अपग्रेड करें और खरीद पर 500 वाउचर बिलकुल मुफ्त पाएं। चार पेयर कलर लेंस खरीदने पर एक पेयर कलर लेंस मुफ़्त पाएं। चार पेयर कलर कॉन्टैक्ट लेंस खरीदें और एक अतिरिक्त पेयर बिलकुल मुफ्त पाएं। आज ही हमारे स्टोर पर आइए और इन अद्भुत ऑफ़र का लाभ उठाएं। सीमित समय के लिए है, इसलिए जल्दी कीजिए।




Health Town
डॉ. टाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर Online परामर्श उपलब्ध दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

# देश के विकास में दें अपना योगदान, हर हाल में करना अपना मतदान

## इसलिए 07 मई को लोकसभा चुनाव में मतदान अवश्य करें।

DESH KA MAHA त्योहार

## आपका मतदान लोकतंत्र की जान




























# लोकसभा निर्वाचन के पूर्व पकड़े गए कई शराब कोचिए, की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

लोकसभा निर्वाचन के पूर्व अवैध शराब मामले में कार्यवाही की गई है। आबकारी विभाग द्वारा आरोपी झलवा कोसरे के कब्जे से कुल 54 नग शोले देशी मसाला पाव, कुल मात्रा 9.720 बल्क लीटर, जिसका कुल बाजार मूल्य 5940रू एवं एक दोपहिया वाहन हीरो एचएफ डीलक्स सीजी 07 बीएक्स 3801, जिसकी कीमत 30000 है, को जप्त कर प्रकरण कायम किया गया।

वृत-भिलाई 04 के अन्तर्गत कुम्हारी मार्ग पर आरोपी राजकुमार सिन्हा पिता फेरूराम के कब्जे से कुल 54 देशी मदिरा मसाला शोले पाव, जिसकी मात्रा 9.720 बल्क लीटर तथा कुल बाजार मूल्य 5940रू जप्त किया गया। इसी क्रम में वृत-भिलाई 04 अन्तर्गत ग्राम कुम्हारी रामनगर वार्ड 07 थाना



कुम्हारी में आरोपीया सोहागा बाई पति चन्द्रहास के कब्जे से कुल 54 नग मसाला पाव, जिसकी कुल मात्रा 9.720 बल्क लीटर जप्त किया गया, जिसका कुल बाजार मूल्य 6000रू है। इसी क्रम में वृत-धमधा के अन्तर्गत ग्राम नंदिनी सेमरिया मार्ग पर आरोपी मिथलेश श्रीवास पिता रामजी श्रीवास के कब्जे से कुल 39 नग पाव देशी मदिरा मसाला कुल मात्रा 7.020 बल्क लीटर, जिसका कुल बाजार मूल्य 4290रू है एवं एक वाहन दो पहिया जिसका



अनुमानित कीमत 20000 रुपया है, जब्त किया गया। इसी क्रम में वृत-भिलाई 04 के अन्तर्गत भिलाई 03 गांधीनगर वार्ड 15 मार्ग पर आरोपी प्रेम वर्मा पिता सुदामा वर्मा के कब्जे से कुल 42 देशी मदिरा मसाला पाव, जिसकी मात्रा 7.560 बल्क लीटर तथा कुल बाजार मूल्य 4620रू है, जप्त किया जाकर सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर आबकारी उप निरीक्षक अरविन्द साहू द्वारा विवेचना में लिया गया।

## दोपहिया वाहन में धरे गए

एक अन्य प्रकरण में वृत्त भिलाई क्रमांक 02 के अन्तर्गत आरोपी शुभम पाण्डेय पिता राकेश निवासी अर्जुन नगर वार्ड नम्बर 29 वैशाली नगर के कब्जे से 35 नग मसाला शोले पाव, जिसकी मात्रा 6.3 बल्क लीटर तथा एक दुपहिया वाहन होण्डा सीएस 125 सीजी 07 बीजेड 8259 जप्त किया जाकर आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), के तहत प्रकरण दर्ज कर सहायक जिला आबकारी अधिकारी सुप्रिया शर्मा द्वारा विवेचना में लिया गया। इसी क्रम में गाड़ाडीह कनाकोट मार्ग थाना उतई जिला दुर्ग में (1) विजय यादव उर्फ मोनू पिता नरोत्तम यादव उम्र 27 वर्ष जाति यादव निवासी गाड़ाडीह थाना उतई दुर्ग (2) इंद्रपाल पिता देवार चन्द जाति गांडा उम्र 35 वर्ष निवासी इंद्रानगर उड़यिा मोहल्ला थाना पाटन जिला दुर्ग के कब्जे से एक पीले रंग की प्लास्टिक की बोरी में 83 नग पाव विदेशी मदिरा जम्मू डिलक्स व्हिस्की 14.94 बल्क लीटर विदेशी मदिरा (बाजार मूल्य 10970 रूपये) जप्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर आबकारी उप निरीक्षक हरीश कुमार पटेल द्वारा विवेचना में लिया गया।

## पाटन में भी की गई कार्यवाही

इसी प्रकार पाटन जामगांव मार्ग में आरोपी हरिश चौहान के कब्जे से कुल 53 पाव देशी मदिरा शोले कुल मात्रा 9.54 बल्क लीटर जिसका कुल बाजार मूल्य 5830 रू है, जप्त किया गया। एक अन्य मामले में रिसाली बोरसी मार्ग पर आरोपी खिलेंद्र खुंटेल से एक सफेद रंग के थैले में 54 नग मसाला शोले पाव, जिसकी मात्रा 9.72 बल्क लीटर जिसका बाजार मूल्य 5940 रूपये, जप्त कर विवेचना में लिया गया। मिनिमाता नगर खुर्सीपार में आरोपिया एम.देवी पति एम.परसराम के कब्जे से कुल 190 पाव जम्मू डीलक्स विदेशी मदिरा, मात्रा 34.2 बल्क लीटर जप्त किया गया।



## कुडो ट्रेनिंग में मिला युवराज को ब्लैक बेल्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

खंडाला (महाराष्ट्र) में सीनियर कुडो मार्शल आर्ट्स ट्रेनिंग कैंप एवं ब्लैक बेल्ट एग्जाम में छत्तीसगढ़ से खिलाड़ी युवराज साहू का चयन हुआ था, जिसमे 5 दिनों तक हुए ट्रेनिंग एग्जाम का परिणाम 2 मई को आया। जिसमें युवराज साहू ने ब्लैक बेल्ट में रैंक हासिल किया। कोच सेंसाई राजा कौशल ने बताया कि पिछले तीन वर्षों छत्तीसगढ़ में अब तक 20 खिलाड़ियों ने कुडो में ब्लैक बेल्ट हासिल कर विभिन्न संस्थाओं एवं स्कूलों में मार्शल आर्ट्स का प्रशिक्षण दे रहें है। कुडो संघ की जिलाध्यक्ष अनुराधा सिंह एवं सचिव लिलीमा सोनी ने युवराज को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301

एजेन्सी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र को बेमेतरा जिला के अंतर्गत देवकर में एजेंसी देना है
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता। सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय, बेमेतरा
रायपुर रोड, सुंदर नगर
चाचा प्रॉपर्टी के नीचे, बेमेतरा
मो. 8319154342
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो. 8224868411

**एप से भी आईडी कर सकेंगे डाउनलोड** : दुर्ग। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्मित मोबाइल ऐप के माध्यम से वोटर आईडी कार्ड का नंबर डालने पर मतदाता का भाग क्रमांक और सरल क्रमांक देख सकते है। एंड्राइड ऑपरेटिंग सिस्टम वाले मोबाइल में मतदाता का नाम सर्च करने के लिए नीचे दिए हुए लिंक से मोबाइल एप्प डाउनलोड कर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

## निधन

### मुन्नी बाई साहू



दुर्ग। बॉम्बे आवास उरला निवासी मुन्नी बाई साहू 54 वर्ष का सोमवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शंकर नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे शिवराम साहू की पत्नी, रघुवीर दुर्गेश व नन्दकिशोर की माता, सुमित व पत्रकार श्याम साहू की सास और बृजेश व हेमलाल साहू की दादी थीं।

# सेन महाराज की 724वीं जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

सेन समाज सेवा समिति भिलाई-दुर्ग के तत्वावधान में संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती नेहरू नगर स्थित सेन परिसर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सेन समाज के अध्यक्ष एवं वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने संत शिरोमणि सेन महाराज की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित के साथ विधिवत पूजन कर आयोजन का की शुरुआत की। पश्चात सेन समाज के सदस्यों द्वारा सेन जी महाराज का विधि-विधान के साथ पूजन एवं आरती किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष रिकेश सेन ने कहा कि सेन महाराज सदैव सत्य, अहिंसा के मार्ग पर चलने वाले व्यक्ति थे। हमेशा धर्म में आस्था और विश्वास रखने वालों पर परमात्मा कृपा करते हैं। संत



शिरोमणि सेन जी महाराज ने समाज में एकता और समरसता का संदेश दिया है। वे जातिवाद के नहीं मानववाद के समर्थक थे। सेन समाज युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं दुर्ग ननि के पूर्व एल्डरमैन डॉ प्रतीक उमरे ने सेन समाज के प्रथम प्रांताध्यक्ष स्व सुरेश कुमार उमरे को नमन करते हुए अपने व्यक्त किए। कार्यक्रम में ऋचा सेन, मालती श्रीवास, कोमल सेन, अशोक श्रीवास, रत्ना श्रीवास, घनश्याम उमरे, बहुर सेन, नरेश श्रीवास, प्रभात कौशिक, संध्या श्रीवास, ओपी उसराठे, केवल श्रीवास, नवीन श्रीवास, चंद्रमणि श्रीवास एवं सेन समाज के अन्य सदस्य उपस्थित थे।












हरिभूमि लाइव
रायपुर, मंगलवार 7 मई 2024
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at - 9755819129

02

प्रायोगिक परीक्षा में विद्यार्थियों ने किया...

लाइव इवेंट


## मतदान दलों को दी गई स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी



**भिलाई।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चरोदा भिलाई 3 में पहुंचे विभिन्न मतदान दलो के स्वास्थ्य से जुडी जानकारी प्राप्त करने खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष शर्मा द्वारा गठित मेडिकल टीम पीठासीन अधिकारियों से भेंट किया। सदस्यों के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त किया। शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम चरोदा भिलाई 3 के बीटीईओ सैय्यद असलम ने बताया कि भीषण गर्मी है, दलों के सदस्यों को लू, पेचिश अथवा दस्त लग सकती है। शासन द्वारा चिकित्सकीय टीम गठित किया है। पीठासीन अधिकारियों को एक मेडिसिन कीट जिसमें बुखार सिर दर्द,बदन दर्द, उल्टी, दस्त, कमजोरी, चक्कर आने जैसे मूलभूत समस्या की औषधि उपलब्ध है। विषम परिस्थितियों में प्रत्येक मतदान केंद्रों में ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजिका संयोजक, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, मितानिन की ड्यूटी लगाई गई है। अत्यंत गंभीर स्थिति में तत्काल समीप के अस्पताल में सूचित करेंगे। जहां मेडिकल आफिसर, काम्बेट टीम एम्बुलेंस के साथ मौजूद होंगे। निरीक्षण टीम में डॉ भुवनेश्वर कठौतिया व शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम चरोदा भिलाई 3 के बीईईटीओ सैय्यद असलम, एल एच व्ही आर विश्वास, जे डी मानिकपुरी, यशवंत साहू, शांता पाटिल, पी स्वामी, थानेशवरी साहू ने दलो के सदस्यों को उनके स्वास्थ्य संसे जुडी जानकारी प्राप्त किया।

सिटी इवेंट

## मतदान जागरुकता अभियान गूगल मीट के माध्यम से सम्पन्न हुआ




**भिलाई।** दुर्ग अंतर्राष्ट्रीय श्रेया क्लब के मुख्य पटल द्वारा विगतदिनों को मतदान और भारत संस्कृति से संबंधित विषय रखकर देश को एक संदेश दिया गया कि कोई भी मतदान से न चुके। संस्थापक डॉ. अर्चना श्रेया समय-समय पर पटल पर सम सामयिक विषय परआयोजन करती है। पटल प्रभारी प्रियंका भूतड़ा है। मंच संचालन डॉ. तारकेश्वर ने बहुत ही खूबसूरत अंदाज में किया कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती वंदना से किया गया। अपनी मीठी वाणी से सरस्वती वंदना .. डॉ. कमलेश मलिक ने पटल को प्रमुदित कर दिया। सभी साहित्यकारों ने बढ़-चढ़कर भारतीय संस्कृति और मतदान से संबंधित अपने विचारों को प्रस्तुत किया। जिन साहित्यकारों ने अपने भावों से गंगा बहाई उनके कुछ नाम इस तरह संध्या श्रीवास्तव 'साँझ जो 'छतरपुर मध्यप्रदेश , की धरती से है उन्होंने सनातन संस्कृति और मतदान पर सुंदर सी रचना रखी। शशि जायसवाल,प्रयागराज उत्तर प्रदेश ने लोकतंत्र का महापर्व मतदान से कोई न चुके। महेंद्र भट्ट वरिष्ठ साहित्यकार लेखक, व्यंगकार ग्वालियर ने भी बताया।

### वक्ताओं ने अपने-अपने अंदाज में

अब आ गया चुनाव इसे नोट कीजिए.. तरन्नुम में रचना भुल्लकड़ बनारसी ने किया। पूर्व प्राचार्य डॉ.कमलेश मलिक ने सोनीपत की पावन भूमि से उन्होंने अपने मधुर वाणी से खूबसूरती के साथ पटल पर रचना रखी। मन चाहा नेता देश का आधार है। देश खुशहाल हो और उन्नति शील हो मतदान करें। पति रस्तोगी लखनऊ ने ..चुनावका मौसम आया है .. प्यारा सा गीत प्रस्तुत किया। अविनाश खरे वरिष्ठ रचनाकार ने लाज़वाब रचना पटल पर परोसी। प्रो.शरद नारायण खरे जी ने निराले अंदाज में प्रस्तुति दी। ..गंगा ,जमुना और सरस्वती नदिया की बहती जहा धारा.. शिवनाथ भैया लब्धिप्राप्त रचनाकार ..मतदान कीजिए मतदान कीजिए ... शानदार पाठ किया। मंच संचालन कर रहे तारकेश्वर भाई ने सुंदर रचना पटल पर रखी। ..नेता बन जब आओगे सम्मान बहुत पाओगे.. प्रियंका भूतड़ा जो छंद गुरु हैं उन्होंने नारायणी छंद सुनाया। ..सपने हो साकार भारत तेरे सारे लोक तंत्र का राज सही व्यक्ति को चुन प्यारे.. छोटा और मीठा समृद्ध पटल का भव्य आयोजन में देश के कई राज्य के रचनाकारों ने अपनी बेमिसाल काव्य की प्रस्तुति दी। श्रेया का धन्यवाद किया। उन्होंने अपना विचार इस तरह रखा की इस महा उत्सव को दिवाली तरह ही मनाना है। ..लोकतंत्र के महा पर्व को हमें दिवाली करना है. सही नेता का चुनाव कर हमें होली मनाना है.. अंतरराष्ट्रीय श्रेया क्लब अपनी विशेष अंदाज के लिए प्रसिद्ध है। महत्वपूर्ण विषय मतदान जागरूकता अभियान पर काव्य पाठ का सभी में भूरि-भूरि प्रशंसा की प्रियंका के आभार ज्ञापन से काव्य गोष्ठी का समापन हुआ।

● गीत वितान ने कलामंदिर में मनाया गुरुदेव रवींद्रनाथ ठाकुर की जयंती समारोह

# सौ कलाकारों ने रविंद्र संगीत से किया मंत्रमुग्ध

कलामंदिर में सिविक सेंटर में बिखरी सांस्कृतिक छटा ने कलाप्रेमियों को विभोर कर दिया। सौ कलाकारों द्वारा प्रस्तु गायक गायीकाओं द्वारा रवीन्द्र संगीत की सुमधुर प्रस्तुती भिलात नृत्य और गीतों की प्रस्तुति देखना यादगार था। गुरुदेव के शांतिनिकेतन की कलात्मक संस्कृति की झलक दिखी। कला प्रशिक्षण संस्था गीतवितान कला केन्द्र व्दारा गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर के जयंती के पर सभागृह में आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम का मंचन किया गया। बैंक आफ बडौदा भिलाई, एनएस पीसीएल, भिलाई इस्पात संयत्र के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथी वासुदेव चंद्रकार कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डां. आर आरबी सिंह और विशेष अतिथी संजीवनी कैसर अस्पताल रायपुर के चिकित्सक डां. अविनाश तिवारी थे। अतिथियों के गुरुदेव रवीन्द्रनाथ के छायाचित्र पर माल्यापर्ण और दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुरु किया। संस्था के छात्रों द्वारा शांतीनिकेतन के परम्परा वृक्षवंदना प्रकृती की पूजा की । स्वागत भाषण संस्था के अध्यक्ष रजनी सिन्हा ने दिया ।




### नाटक का आकर्षक मंचन

कार्यक्रम के दूसरे भाग में रवीन्द्रनाथ ठाकुर द्वारा रचित नृत्यनाटिका भानूसिंह पदावली का आकर्षक मंचन नृत्यमणी मिथुन दास के निर्देशन में किया गया। राधा और कृष्ण पर आधारित वैष्णव पदावली से प्रेरित इस नाटिका को कलाकारों ने प्रस्तुत किया। संगीत निर्देशन गीतवितान की संचालिका शिप्रा भौमिक ने किया । वादय यंत्र गिटार पर-स्वप्नील चन्द्राकर, सूर्यकांत बागची, की बोर्ड - साई चक्रवर्ती, तबले पर रूद्रप्रसन्न जेना, सितर- जयदेव दिक्षीत, बासूरी पर मनीष वर्मा ने संगत किया।

### सांगीतिक प्रस्तुति में आलेख पाठ

सांगीतिक प्रस्तुति में आलेख का पाठ जॉली सेन ने किया । कार्यक्रम का संचालन माया बैनर्जी द्वारा किया गया और आभार प्रदर्शन सोमने कुंडू ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मुख्य संरक्षक एवं आयोजक समिती सदस्यगण, स्वच्छता सेवा समिती भिलाई, ईश्वरकृपा सेवाभाव समूह का योगदान रहा।

**भिलाई।** गीतवितान व्दारा आयोजीत विद्यालयीन स्तरपर चित्रकला प्रतियोगीता परिणाम का पुरस्कार वितरण विद्यालय के छात्र-छात्राओं की किया गया। इस अवसर पर डा. अविनाश तिवारी व्दारा कैंसर बीमारी पर संगीत के माध्यम से दर्द पर काबू पाने के रहस्य पर अपना उद्बोधन सभी के समक्ष रखने का प्रयास किया।आभार प्रदर्शन सोमने कुंडू इसके बाद कलाकारों ने मोहक सास्कृतिक प्रस्तुति दी। रवीन्द्र संगीत और रवीन्द्र नाट्यम एकटी नमोशकारे प्रभु की प्रस्तुति गीत वितान के बच्चों दिया गया। विविध स्वरूप में रवीन्द्र संगीत शीषर्क में गुरुदेव रचित भक्ति रस, वसंत व वर्षाऋतु मेप्रकृती की बाउल सुर (लोक धुन), गीतांजली काव्य पर आधारित गीत से भिलाई, दुर्ग सहीत 100 गायक गायिकाओं ने समां बांधा। सांस्कृतिक समूह छत्रोछाड़ा, उच्छाश, उड़नचंडी द्वारा से त गीतवितान के वादय यंत्र के विद्यार्थियों व्दारा गिटार की बोर्ड पर 'एई आकाशे आमार मुक्ती आलोय आलोय' के घून को प्रस्तुत किया गया । चित्रकला संकाय के विद्यार्थियों द्वारा कैनवास पर प्राकृति की सुन्दरता एवं लोक संस्कृती के दृश्य को दर्शाया गया।




## स्वच्छता प्रहरियों द्वारा मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया

**भिलाई।** 316वां सप्ताह स्वच्छता अभियान टीम का इस बार भेलवा तालाब (गुरु नानक सरोवर) में स्वच्छता अभियान चलाया गया और साथ ही सुबह सैर-सपाटा करने वाले लोगों को स्वच्छता के साथ मतदान कर अपने अधिकार का उपयोग करने के लिए संदेश दिया गया। सरोवर से गुरूद्वारा चौक जीई रोड तक मतदाता जन जागरुकता रैली पोस्टर, बैनर, हाथों में तकती लेकर स्लोगन,नारा लगाते हुए राहगीरों, कालोनी वासियों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके पश्चात स्वच्छता प्रहरी रवि कुमार साहू के विवाह के लिए धरदोई शिवरीनारायण प्रस्थान किया गया। जिसमें जगह-जगह रुक-रुक कर मतदाताओं को मतदान के लिए संदेश दिया गया। साथ ही बाबा धाम गिरौधपुरी दर्शन, शिवरीनारायण शबरी धाम, मंदिर परिसर, गौशाला में गौ माता दर्शन के साथ वहां पर भी परिसर में स्वच्छता का ध्यान रखते हुए साफ-सफाई किया गया। इस मतदाता जागरूकता महा अभियान में नेहरू नगर के वरिष्ठ नागरिक के साथ सुबह भ्रमण करने के अलावा अन्य सामाजिक संस्थाओं के लोग भी उत्साह से शरीक हुए। इस अभियान में प्रमुख निगम अधिकारी अजय शुक्ला, भारत विकास परिषद से अनिल डागा एवं उनके समस्त पदाधिकारीगण, राजेश कुमार साहू, गौकरण साहू,डॉ गोस्वामी स्वछता अभियान टीम से प्रेमचंद साहू, हर्ष देव साहू, देवेश साहू, श्रवण साहू,गुलाब साहू, परस साहू, विशेषर कुलदीप, बृजेश साहू, विनय साहू, अस्वनी साहू, पेनुक नेताम प्रवीण वर्मा,शेष नारायण,बच्चे उमा, नेहल, मुस्कान, आराध्य,मानव आदि शामिल रहे।



## यूटिलिटी जोन के कार्मिकों को शिरोमणि पुरस्कार

**भिलाई।** सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र में विगत दिनों आयोजित शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह में यूटिलिटी जोन से उत—ष्ट कार्य प्रदर्शित करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पाली एवं कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक एके जोशी ने की। भिलाई इस्पात संयंत्र के ऐसे कार्मिक, जो अपने कार्यक्षेत्र में उपलब्ध संसाधनों से ही सुरक्षा के सम्पूर्ण मापदंडों का पालन करते हुए, कंपनी के लक्ष्यों को पूर्ण करने के लिए अपने कार्य में नवीनता का प्रदर्शन करते है, उन्हें प्रबंधन द्वारा शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है उत्तम कार्य के लिए सहायक महाप्रबंधक मनीष प्रकाश होरो को पाली शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। चीफ मास्टर आपरेट चैन दास टड़न एवं आपरेटर सह तकनीशियन मोहम्मद पैगम्बर को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में गिरीश कुमार मढ़रिया ने, मिहिर मनोहर व संतोष कुमार कटहरे आदि उपस्थित थे।




अलग-अलग डिजाइंस के दूल्हे-दुलहन मोह रहे मन

# अक्ती पर रचाई जाएगी गुड्डे- गुड़ियों की शादी, सजा बाजार, बच्चे उत्साहित

कार्नर न्यूज

**अक्षय तृतीया पर गुड्डे गुड़ियों की शादी के लिए बाजार सज चुके है। इस दिन घरों में छोटे बच्चे पारंपरिक विधि विधान से गुड्डे गुड़ियों की शादी रचाएग्येंगे। इस बार अक्षय तृतीया यानी अक्ती के दिन शादियां भी कम होंगी। छत्तीसगढ़ में अक्षय तृतीया को अक्ती के नाम से भी जाना जाता है। अक्ती के दिन छत्तीसगढ़ में गुड्डा गुड़िया की शादी कराई जाती है। पावर हाउस, दुर्ग सहित कई क्षेत्रों में गुड्डे गुड़िया का स्टॉल सज चुका है। लोग तरह-तरह और रंग बिरंगे गुड्डे गुड़िया बाजार से खरीद कर ले जा रहे है।**

**भिलाई।** इस दिन बच्चे गुड्डे गुड़ियों की शादी रचाएंगे। इसके लिए बाजार में मिट्टी के गुड्डे गुड़िया, दूल्हा दुल्हन बिकने के लिए आ गए हैं। अभी तक वैसा उत्साह नहीं दिख पाया है जैसा उत्साह पहले होता था। दुकानदार का कहना है कि महंगाई की मार ने हर तीज त्योहारों को फीका कर दिया है फिर भी आशा है कि लोग बाहर निकलेंगे और व्यापार अच्छा होगा। आजकल वैसे भी बच्चे मिट्टी के खिलौने से दूर हो गए हैं। मोबाइल की दुनिया में व्यस्त हैं। तीज त्योहार संस्कृति ही हमारी पहचान है। ऐसे में घर के बड़ों को चाहिए कि वे इस ओर ध्यान दें। अपनी आने वाली पीढ़ी को अच्छा संदेश दें और उन्हें बताएं अपने तीज त्योहारों के बारे में अवगत कराएं।





### मुहूर्त की आवश्यकता नहीं

हिन्दू धर्म के अनुसार अक्षय तृतीया विवाह के लिए शुभ दिन माना गया है। इस दिन किसी भी शुभ कार्य या विवाह के लिए मुहूर्त की आवश्कता नहीं होती है। इस दिन गांव-गांव व शहर में भारी संख्या में शादी होती है। इस पर्व को छत्तीसगढ़ में अक्ती पर्व के नाम से जाना जाता है। एक ओर शादी जोड़े विवाह के बंधन में बधेंगे। वहीं शादी के बंधन से अंजान बच्चे पूरे रीति रिवाज के साथ मिट्टी के बने गुड्डे-गुड्डियों का पारंपरिक ब्याह रचाएंगे।

सिटी इवेंट

## तिरूमला तेलगू महिला समाज ने मनाया उगादि पर्व



**भिलाई।** तिरूमला तेलगू महिला समाज द्वारा उगादी महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम कि शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वालित कर की गई। गणेश स्तुति बी उषा व गणेश वंदना एम भवानी द्वारा किया गया। तिरुमाला तेलगु महिला समाज की कमेटी मेंबर्स मीनाक्षी, के शारदा, ओ राजेश्वरी व गुना राव ने स्वागत गीत और उगादी गीत कि प्रस्तुति देकर सभी अतिथियों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि प्रतीक्षा बघेल ने समाज कि महिलाओ का उत्साह वर्धन किया। इस दौरान उन्होंने सभी महिलाओ से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। कार्यक्रम में ग्रुप डांस प्रतियोगिता में तालपुरी, सेक्टर 4, चरोदा और सेक्टर 1 ने अपनी शानदार प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। तालपुरी ग्रुप एस भावना, के अन्नपूर्णा, जे दीपिका टी वीणा, एस उमा माहेश्वरी, पदमा बाबू तालपुरी डांस ग्रुप विजेता होकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर ग्रुप डांस में सेक्टर 4 के शारदा, एस कलावती, लक्ष्मी, एम पदमा पी जया और पूजा रहीं। तृतीय ग्रुप डांस में चरोदा कि मीनाशी, एम सुनीता,वी राजेशवरी,एस उपासना,एम भागलशमी, चतुर्थ स्थान सेक्टर 1 को मिला। जज के रुप में डॉ नेहा गुप्ता ने सभी प्रतिभागी और तेलगु समाज के संस्कृति कि प्रशंसा की। कार्यक्रम के संचालन एम पुनियावती ने किया। समिति की अध्यक्ष टी जया रेड्डी द्वारा तिरुमला तेलगु महिला समाज के कार्यो का उल्लेख करते हुए बताया किसमय-समय पर समाज की महिलाओं दवरा हल्दी कुमकुम, उगादी पर्व, वर लक्ष्मी पूजा सहित अन्न दान, कम्बल दान सहित अन्य सेवाकार्य किए जाते है। कार्यक्रम में बोर्ड मेंबर्स बी बस्वम्मा, विजय लक्ष्मी, अनन्त लक्ष्मी, रोहिणी रेड्डी, उमा, एल मीनाक्षी, के भवानी, ओ राजेश्वरी, के शारदा, गुना राव, देवी रेड्डी, के सुनीता, शारदा राव, नमिता, देवी, वकुला ,रेखा राव, द्रोपदी रेड्डी, प्रिया, के अन्नपूर्णा, जे दीपिका, टी वीणा, एम सुनीता, एस उपासना सहित सभी सदस्याएं उपस्थित रहीं।



### यह रहीं उपस्थित

वी राजेश्वरी, एस कलावती, लक्ष्मी, एम, पदमा, पी जया ,पूजा, बी तुलसी, रानी,आशा,लवनिया, अनजु रेड्डी, एस भाग्यलक्ष्मी, पार्वती ,झासी, जानकी, राजेशवरी,मनगा पी अनिता, एस कलवती,लक्ष्मी,पी यशोदा,एम अनीता, बी देवकी,पी लक्ष्मी, पी सुलोचना,प्रेमलता, बी कान्ताअम्मा,एमपदमा, पीजया, ए विजया, नीलिमा, आर शोभा, पी विजया, एम लक्ष्मी, भावनी,रूपा, हर्षा राव, सतेला दास, कंचन, वी गोपाम्मा, जी अर्चना, धनलक्ष्मी, राजु, मानगा, तुलसी, कविता, प्रिया, वामकशी, जे ऊमा, ए मोहिनी, एस वीना, जानकी, जे विजया, इ पदमा, बिन्दु , माधवी अनिशा, के राजेश्वरी, लक्ष्मी, गीता राव, भानुप्रिया रेड्डी, के पदमा, के रानी राव, के अन्नपूर्णा, आशालता, लावण्या, के दीपिका, माधुरी, रजनी नायडू, पदमाबाबू डी रागनी, सुजाता, हेमा, ईश्वरी, जयोती, टी पुरना,टी सारस्वती, रावनाम्मा, भाग्या लक्ष्मी, ए स्वती,पी स्वती ए.स्वाति जया, दीपा, श्यामला जानकी ,सी एच साईलक्ष्मी, सुजाता,हेमा, वी राजेश्वरी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं।

● अनियमित खान-पान और जीवनशैली में सुधार लाने की कवायद

# प्रायोगिक परीक्षा में विद्यार्थियों ने किया प्राणायाम और योगासन का अभ्यास

**भिलाई।** जीवन में स्वस्थ रहने नियमित दिनचर्या के साथ प्राणायाम व योग के विभिन्न आसन कर निरोग रह सकते है। भागदौड़ भरी जीवनशैली व अनियमित खानपान से दिनचर्या असंतुलित हो जाती। लेकिन दिनभर में थोड़ा समय अपने स्वास्थ्य के लिए निकालकर घर पर ही योगाभ्यास कर स्वस्थ रहा जा सकता है। जिसके लिए डिग्री प्राप्त योग टीचर मददगार साबित हो सकते है। शासकीय डॉ वा वा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में इस सत्र से प्रारंभ पीजी डिप्लोमा इन योगा एवं दर्शनशास्त्र का सत्र सफलता पूर्वक द्वितीय सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा के साथ सम्पन्न हुआ। महाविद्यालय में इस कोर्स में अध्यनरत 20 छात्राएं इस वर्ष डिप्लोमा प्राप्त कर स्व नियोजित हो सकेंगी। इन 20 छात्राओं में 20 वर्ष से लेकर 55 वर्ष उम्र के विद्यार्थी थे। नौकरीपेशा के लेकर गृहणी तथा सेहत के प्रति जागरूक महिलाओं ने भी इस कोर्स का लाभ उठाया। प्रथम वर्ष उपलब्धियों से भरा रहा। इस सत्र में इस कोर्स की पूनम नायक, सोनिया साहू, मनीषा साहू का चयन हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की अंतरविश्व विद्यालयीन प्रतियोगिताओं के लिये हुआ।



### छात्राओं ने जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्पर्धा में लिया हिस्सा

अपने जीवन में पहली बार योग कर रही छात्राओं ने जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय ओपन योग प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया। मुख्य रूप से कावेरी कुम्भकार एवं शिल्पी ने राष्ट्रीय स्तर पर, महिमा एवं मनीषा ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। महाविद्यालय द्वारा इस कोर्स के लिए कम से कम फीस लेकर पाठ्यक्रम को संचालित किया जा रहा है। प्रभारी प्राचार्य डॉ डी सी अग्रवाल ने इस सत्र को सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाली छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज योग का प्रशिक्षण केवल स्वस्थ दिनचर्या का हिस्सा ही नहीं है बल्कि रोजगारपरक होकर स्वावलंबी बनने का जरिया भी हो गया है। कोर्स की प्रभारी डॉ. ऋतु दुबे ने समस्त छात्राओं को आगामी लिखित परीक्षा के लिए शुभकामनायें देते हुए अपेक्षा जतायी कि इन विद्यार्थियों के माध्यम से समाज में योग और दर्शन का अधिक प्रचार-प्रसार होगा। योग शिक्षिका मालती साहू ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शत-प्रतिशत मतदान करने प्रेरित किया। आगामी सत्र से महाविद्यालय में इस कोर्स में 60 विद्यार्थियों को न्यूनतम शुल्क पर अधिकतम सुविधाओं के साथ प्रवेश देने की तैयारी चल रही है। जिसके लिए इच्छुक विद्यार्थी कालेज से जानकारी प्राप्त कर आवेदन कर सकते है।



### महिलाओं के लिए योग जरुरी

महिलाएं दिनभर घर मे रहकर काम के बोझ का तनाव, डिप्रेशन, चिड़चिड़ापन, माहवारी, मेनोपॉज की समस्या से घिर जाती है। जिसे वे घर पर ही रहकर विभिन्न योगासन कर खुद को बिना मेडिसीन के स्वस्थ रख सकती है। कोर्स की प्रभारी डॉ. ऋतु दुबे ने बताया कि योग बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्गों के लिए भी फायदेमंद होता है। लेकिन शिक्षित योग मास्टर के मार्गदर्शन में ही यह करना उचित रहता है। अन्यथा दूसरी समस्याएं घेर सकती है इसलिए योग में सावधानी जरुरी है। इसलिए कालेजों में यह योग क्लास के साथ डिग्री व डिप्लोमा कोर्सेस कराएं जा रहे है। जिसे सभी आयु वर्ग के लोग कर सकते है।

## नीला गुलमोहर...



**भिलाई।** अब तक हम सबने लाल चटख गुलमोहर ही देखे और सुने थे लेकिन अब नीला गुलमोहर भी अपनी रंगत बिखेर रहा है। दुर्ग के आमटी गांव में नेहरू नगर निवासी राहुल अरोरा के फार्म हाउस में इस भरी गर्मी में नीला गुलमोहर सुकून दे रहा है। *(फोटो संजय पांडेय)*

अध्यक्ष रहेंगी 2025 तक

## महिलाओं को सशक्त बनाने यमला को मिली जिम्मेदारी



**अभा सीनियर महिला विंग की बनीं चेयर पर्सन**

भिलाई। अखिल भारतीय वरिष्ठ नागरिक महासंघ के अध्यक्ष वीके भदाने व कार्यकारिणी द्वारा पद्नाभपुर निवासी यमला साहू को अखिल भारतीय सिनियर सिटिजन कान्फिडरेशन का महिला सशक्तिकरण कमेटी अखिल भारतीय महिला विंग की चेयरपर्सन अध्यक्ष 2025 तक के लिए बनाया गया है। जिसके लिए अखिल भारतीय वरिष्ठ नागरिक महासंघ के प्रिविलेज मेंबर रामराव ढोक, पेट्रान मेंबर एसएम पाटील और श्रवण पराते ने उनके निवास स्थान जाकर उन्हें पुष्प गुच्छ देकर शुभकामनाएं दी। साथ ही रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, जगदलपुर और बिलासपुर एवरग्रीन की महिलाओं ने बधाई दी। यमला साहू ने कमेटी का चेयरपर्सन बनाये जाने पर छत्तीसगढ़ के पेट्रान मेंबर्स का आभार जताते हुए खुशी जाहिर की और महिलाओं को मजबूती प्रदान करने के क्षेत्र में कार्य करते रहने की बातें कही। महासंघ के लिए यमला साहू का विशेष योगदान है जिसे देखते हुए उन्हें यह जिम्मेंदारी दी गई है।

समाज इवेंट

## खुद को जीतने के लिए दूसरों को हराना आवश्यक नहीं : निखिल







दुर्ग। जय आनंद मधुकर रतन भवन में 1 से 9 मई तक आयोजित श्रमण संघीय जैन संस्कार शिविर में डा श्रेणिक नाहटा व सीए निखिल बाघमार अतिथि वक्ता के रुप में कई प्रेरक मार्गदर्शन प्रदान किया। बच्चों को ज्ञानवर्धक, जीवन जीने के तरीके अपने आप को स्वस्थ और सुरक्षित रखने व आगे बढ़ने का मार्ग दर्शन दिया बच्चों ने भी उत्साह पूर्वक अतिथि वक्ताओं से अपनी जिज्ञासा का समाधान प्राप्त किया। युग देशलहरा भावेश संचेती नव बाफना सिद्धार्थ काकरिया जैनम बाघमार गुंजन नाहर ने भी शिविर को लेकर अपनी बात रखी। श्रमण संघीय जैन संस्कार आवासीय शिविर में पिछले दो दिवस में डां श्रेणिक नाहटा एवं सीए निखिल बाधमार का व्यक्तित्व विकास पर प्रेरक मार्गदर्शन एवं उद्बोधन बच्चों कोआयोजित शिविर में सुनने को मिला। व्यक्तित्व विकास पर सीए निखिल बाधमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए अच्छे बिंदुओं पर अपने विचार रखें। उन्होंने कहा अपने आप को पहचानो अपनी ताकत को समझो, कभी अपने आप को किसी से कम नहीं समझो, कभी अपने आप को किसी से कम नहीं समझना, हम श्रेष्ठ हैं हममें भी वह सारी खूबियां हैं मंजिल को पाने की अनुशासन में रहेंगे तो हमेशा गोल लक्ष्य को प्राप्त करोगे।

### हमारे अंदर खूबियां समाहित

जब जब हम अनुशासन में रहेंगे, अनुशासित होकर अपना लक्ष्य तय करेंगे तो संसार की कोई भी ताकत हमें जीत दर्ज करने से नहीं रोक सकती। हम बेस्ट हैं यह खूबियां हमारे अंदर समाहित है, बस इसका समुचित उपयोग करने की आवश्यकता है। अपने छोटे-छोटे कार्यों को सिद्ध करते हुए हम सफल हैं, यह हम समाज को बता सकते हैं। आप अपने आप को किसी दूसरी ताकत से काम मत समझो, आपके अंदर भी वह सारी शक्तियां विद्यमान है, जो आपको विजय श्री की ओर अग्रसर करती है। शहर के नामी दंत चिकित्सक और जैन समाज के गौरव डॉक्टर श्रेणिक नाहटा स्वास्थ्य के संबंध को लेकर अपनी बात रखी।

बीएड के विद्यार्थियों को देव भाषा संस्कृत का बताया महत्व

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नेशनल प्रोसेसिंग लैंग्वेज में संस्कृत की भी भूमिका

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** बीएड के विद्यार्थियों में देव भाषा संस्कृत के प्रति रुझान एवं जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसका विषय भाषाओं की जननी संस्कृत और उसका वैज्ञानिक महत्व था। जिसमें संस्कृत के इतिहास से लेकर वर्तमान समय में इसके महत्व विषय में सभी आवश्यक जानकारियां डॉ लक्ष्मी वर्मा द्वारा दी गई। एक दिवसीय व्याख्यान को आयोजित करने का उद्देश्य शिक्षा विभाग के विद्यार्थी जो अब विभिन्न संस्थाओं में जाकर अध्यापन कार्य करेंगे उनके द्वारा संस्कृत का व्यापक प्रचार प्रसार करना था। पीपीटी के माध्यम से संस्कृत के व्याकरण इसका प्रयोग वेद, उपनिषद, संख्या सहित विभिन्न दर्शनों एवं आयुर्वेद, गणित, रसायन में प्रयोग करके एक परिपक्व भाषा के रूप में कैसे प्रस्तुत हुआ है यह बताया गया। प्राचीन समय से लेकर वर्तमान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नेशनल प्रोसेसिंग लैंग्वेज में संस्कृत की क्या भूमिका है इस पर भी व्यापक चर्चा की गई।



### जीवन जीने की कला को सौंदर्यता प्रदान करती हैं संस्कृत- डॉ अर्चना

श्री शंकराचार्य महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर अर्चना झा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमको अपनी जड़ों से जुड़े हुए रहना आवश्यक है तभी हम अपने वर्तमान को मजबूत कर सकते हैं जिससे वक्त की आंधी हमें उखाड़ नहीं सकती। हम अपने आप को संस्कृत जैसी समृद्ध व विकसित भाषा से जोड़कर वर्तमान को बेहतर और भविष्य को बेहतरीन बना सकते हैं। संस्कृत में उन सभी आवश्यक तत्वों का समावेश है जो हमारे जीवन जीने की कला को सौंदर्यता प्रदान करती है महाविद्यालय के डीन एकेडमी डॉक्टर जे दुर्गा प्रसाद राव ने कहा कि शुरुआत में हमें संस्कृत भाषा बोलने और लिखने में कठिनाई जरूर महसूस होगी, लेकिन लगातार प्रयोग से हम इसमें महारत हासिल कर सकते है। इस व्याख्यान में शिक्षा विभाग के सभी प्राध्यापक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**धर्म दर्शन**

## कल वैशाख अमावस्या, पितृ दोष से मुक्ति के लिए जरूर करें ये काम



धर्म-कर्म, स्नान-दान और पितरों के तर्पण के लिये अमावस्या का दिन बहुत ही शुभ माना जाता है। इस साल वैशाख अमावस्या बुधवार 8 मई को है। इस बार वैशाख अमावस्या पर 3 शुभ योग का संयोग बन रहा है इससे इस दिन का दोगुना महत्व हो गया है। वैशाख अमावस्या पर इन शुभ संयोग में कुछ विशेष उपाय करने से पितृ दोष, कालसर्प दोष और शनि दोष से मुक्ति पाने का खास अवसर है। वैशाख महीने के कृष्ण पक्ष की अमावस्या 7 मई 2024 दिन मंगलवार को सुबह 11 बजकर 40 मिनट से आरंभ होगी और अगले दिन 8 मई 2024 बुधवार को सुबह 8 बजकर 51 मिनट पर समापन होगा।

**3 शुभ योग में मनेगी वैशाख अमावस्या :** वैशाख अमावस्या पर सर्वार्थ सिद्धि योग, शोभन योग और सौभाग्य योग का संयोग बन रहा है। सर्वार्थ सिद्धि योग दोपहर में 1 बजकर 33 मिनट पर शुरू होगा जो 9 मई की सुबह 5 बजकर 34 मिनट तक रहेगा। वहीं सौभाग्य योग 7 मई को रात 08.59 से शुरू होकर 8 मई को शाम के 5.41 मिनट तक रहेगा। इसके बाद से शोभन योग की शुरुआत होगी, ये योग पूरी रात तक रहेगा।

**वैशाख अमावस्या पर करें शनि दोष के उपाय :** वैशाख अमावस्या पर दक्षिण भारत में शनि जयंती भी मनाई जाती है, इसलिए शनि देव तिल, तेल और नीले आंकड़े का फूल अर्पित करें और शनि चालीसा का पाठ करें। मान्यता है इससे शनि की साढ़ेसाती, ढैय्या और तमाम दोषों का शमन होता है। सुख शांति आती है। आदि चढ़ाकर पूजन करनी चाहिए।

**पितृ दोष मुक्ति का उपाय :** वैशाख अमावस्या के दिन श्रीमद्भागवत कथा सुनें। घर में गीता का पाठ करें। इसके अलावा जरूरतमंदों को खाना खिलाना चाहिए। इससे पितृ दोष दूर होता है। घर में बरकत का वास होता है और जीवन में सुख और शांति आती है। पितरों को मोक्ष मिलता है।

अमावस्या के दिन पीपल के पेड़ पर सुबह जल चढ़ाना चाहिए और संध्या के समय दीपक जलाना चाहिए। इससे पूर्वजों की आत्मा को तृप्ति मिलती है।

## शुक्रवार के दिन महिलाएं नहीं करें ये काम, रूठ जाती हैं धन की देवी लक्ष्मी जी



धन की देवी लक्ष्मी जी को प्रसन्न करना बहुत जरूरी है। अगर धन की लक्ष्मी देवी जी रुठ जाएं तो मुश्किलों का पहाड़ टूट पड़ता है।

खासतौर पर महिलाओं का इस बात का ख्याल रखना चाहिए की मां लक्ष्मी की कृपा प्राप्त करने के लिए हर वो काम करें जो मां लक्ष्मी को पसंद हो।

**घर को साफ स्वच्छ रखें :** सबसे पहले अपने घर की सफाई रखें। मां लक्ष्मी का वास हमेशा उस घर में होता है जो साफ और स्वच्छ होता है। माता लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए घर की साफ-सफाई जरूरी है।

**सूर्योदय के पहले जागें :** मां लक्ष्मी की कृपा प्राप्त करने के लिए घर के महिलाओं को सुबह सूर्योदय के पहले जाग जाना चाहिए। जिस घर में लोग सूर्योदय के बाद जागते हैं, मां लक्ष्मी ऐसे लोगों पर कभी कृपा नहीं बरसाती हैं। साथ ही महिलाओं को दोपहर के समय सोना नहीं चाहिए। यह काम लक्ष्मी जी को पसंद नहीं हैं। इसीलिए महिलाएं दोपहर में सोने की आदत को त्याग दें।

**खाना व अन्न की बर्बादी न हो :** महिलाओं को इस बात का ख्याल रखना चाहिए की घर में अन्न या खाने की बर्बादी ना हो। जिस घर में अन्न की बर्बादी होती है उस घर में मां लक्ष्मी का वास नहीं होता साथ ही जल्द ही दरिद्रता आने लगती है।

**पूजा स्थान पर दीपक जलाएं :** महिलाओं को इस बात का खास ख्याल रखना चाहिए की घर में शाम के समय पूजा स्थान या मंदिर में दीपक जरूर जलाएं। शाम को लक्ष्मी जी आरती करने से लक्ष्मी जी प्रसन्न होती हैं और अपना अशीर्वाद बनाएं रखती हैं।

**रात को जूठे बर्तन न छोड़ें :** महिलाएं इस बात का खास ख्याल रखें की शाम के समय घर के किचन में झूठे बर्तन ना छोड़े। रसोई में पूरी रात गंदे झूठे बर्तन रखने से भी लक्ष्मी जी रूठ जाती हैं।

**झाड़ू में कभी न लगे पैर :** झाड़ू को लक्ष्मी जी का स्वरूप माना गया है। कभी भी किसी को महिलाएं या पुरुष दोनों में से किसी को भी झाड़ू को पैर नहीं मारना चाहिए। जो यह काम करते हैं उनके घर में दरिद्रता का वास होता है।

### हजारों सालों से आयुर्वेद में औषधि के रूप में किया जाता है इस्तेमाल

# पेट को ठंडा रखता है पुदीना, घर पर बनाएं इसके बेहतरीन व्यंजन

*गर्मी से निपटने के लिए पुदीने का सेवन करना एक बढ़िया विकल्प होता है। यह एक खुशबूदार जड़ी-बूटी है, जिससे कई तरह की चीजें बनाई जा सकती हैं। पुदीने को डाइट का हिस्सा बनाने से पेट को ठंडक मिलती है, जिससे पेट से जुड़ी समस्याओं को ठीक किया जा सकता है। इसे हजारों सालों से आयुर्वेद में औषधि के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। आप पुदीने से इन लजीज व्यंजनों की रेसिपी आजमा सकते हैं।*



### पुदीने वाला नींबू पानी



इसे बनाने के लिए सबसे पहले एक गिलास में नींबू का रस निचोड़कर डालें। अब इसमें ठंडा पानी और शहद या चीनी मिलाकर घोलें। इसके बाद इसमें पुदीने की 4-5 पत्तियां डालकर कुटनी की मदद से मसल दें, ताकि उनका रस पानी में घुल जाए। इसे अच्छी तरह से मिलाकर इसमें बर्फ डालकर पीएं। गर्मी में पुदीने का पानी पीने से कई लाभ मिल सकते हैं।

### पुदीने और फलों का सलाद

स्वादिष्ट फलों का सलाद बनाने के लिए अनानास, स्ट्रॉबेरी, कीवी, अंगूर, तरबूज और आम जैसे रसीले फलों को छीलकर छोटा-छोटा काट लें। करीब 10 पुदीने की पत्तियां लेकर उन्हें अच्छी तरह धोकर काट लें। एक कटोरे में सभी फल और पुदीने की बारीक कटी पत्तियां डालकर मिलाएं। पुदीना फलों की मिठास में एक ताजा स्वाद जोड़ देगा, जिससे इस सलाद के पोषण में भी इजाफा हो जाएगा। आप गर्मी में कीवी से भी कई स्वादिष्ट रेसिपी बनाकर खा सकते हैं।

### पुदीने और दही की डिप

इस मौसम में चिप्स आदि के साथ खाने के लिए आप पुदीने की ताजी डिप बना सकते हैं। एक बर्तन में ग्रीक दही लेकर उसमें बारीक कटी पुदीने की पत्तियां मिला लें। अब लहसुन की कुछ कलियां लेकर उन्हें पीसे और दही में मिला दें। इसमें एक चुटकी या स्वादानुसार नमक डालकर मिलाएं। इसे आप अपने शाम के नाश्ते के साथ भी खा सकते हैं।

### पुदीने और क्विनोआ का सलाद

पैकेज के निर्देशों के अनुसार क्विनोआ को पकाएं और ठंडा होने दें। एक बड़े कटोरे में पके हुए क्विनोआ को खीरे, टमाटर, मिर्च और कटे हुए पुदीने के पत्तों के साथ मिलाएं। इसमें जैतून का तेल, नींबू का रस, नमक और काली मिर्च डालकर मिला लें। यह स्वादिष्ट और पौष्टिक सलाद पिकनिक या हल्के दोपहर के भोजन के विकल्प के रूप में खाया जा सकता है। इससे आपका पेट भी ठंडा रहेगा और आपको भारीपन भी महसूस नहीं होगा।

### पुदीना चावल

सबसे पहले चावलों को 15 मिनट पानी में भिगोकर रखें। एक कप पुदीने के पत्तों को अच्छी तरह धोकर मिक्सी में डालें। अब इसमें धनिया, अदरक, लहसुन, घिसा हुआ नारियल और हरी मिर्च डालकर बिना पानी इस्तेमाल किए पेस्ट तैयार करें। एक पैन में तेल गरम करके उसमें तेज पत्ता, लौंग, इलाइची, दालचीनी और जावित्री डालें। अब इसमें पुदीने का पेस्ट डालकर पकने दें। अंत में इसमें नमक और भीगे हुए चावल डालकर पकाएं।

## गुरु वृषभ राशि में हुए एक माह को अस्त बढ़ा सकते हैं कुछ राशियों की परेशानी

ज्योतिष शास्त्र में देवगुरु बृहस्पति को विशेष स्थान प्राप्त है। ये शुभता के देव हैं, जिनका प्रभाव जीवन की सुख-सुविधाओं पर पड़ता है। गुरु के शुभ प्रभाव से धन का अभाव नहीं रहता और कुंडली में गुरु के कमजोर होने या नीच स्थान पर होने से सुख-सुविधाओं में कमी आने लगती है। इसलिए इसे भाग्य का ग्रह भी कहा जाता है। इस वर्ष 3 मई को देवगुरु बृहस्पति शुक्राचार्य की राशि वृषभ में अस्त हुए। बता दें कि 01 मई को गुरु का गोचर भी इसी राशि में हुआ था। तीन मई की रात 10 बजकर 08 मिनट पर गुरु वृषभ राशि में अस्त हो गए और अब एक महीने बाद उदित अवस्था में आ जाएंगे। ज्योतिष में गुरु के अस्त होने को गुरु तारा का डूबना भी कहते हैं। गुरु के अस्त होते ही मांगलिक कार्य भी बंद हो जाते हैं।



**गुरु का वृषभ राशि में अस्त होना शुभ या अशुभ :** गुरु वृषभ राशि में अस्त हुए। वृषभ राशि के स्वामी शुक्र ग्रह हैं। गुरु और शुक्र के बीच शत्रुता का संबंध है। ऐसे में जब गुरु शुक्र द्वारा शासित राशि वृषभ में अस्त होंगे, तो संभवतः इसका प्रतिकूल प्रभाव कई राशियों पर पड़ेगा। ऐसे में पूरे एक महीने तक यानी जब तक गुरु उदित अवस्था में न आ जाएं तब तक कुछ राशियों को इस दौरान विशेष सावधानी रखने की जरूर रहेगी। आइये जानते हैं किन राशियों पर पड़ेगा गुरु अस्त का प्रभाव।

### गुरु के अस्त होते ही बढ़ेगी इन राशियों की परेशानी

**वृषभ राशि :** गुरु आपकी राशि में ही अस्त हो रहे हैं। ऐसे में इस राशि के लोगों को थोड़ा संभलकर रहने की जरूरत रहेगी। इस दौरान धन खर्च पर नियंत्रण रखें और निवेश भी सोच-समझकर करें क्योंकि आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

**मिथुन राशि :** गुरु अस्त होकर मिथुन राशि वालों की भी मुश्किलें बढ़ा सकते हैं। इस समय आपके खर्चों में अचानक वृद्धि होगी। ऐसे में बचत करना मुश्किल हो जाएगा इसलिए आप भी खर्चों पर नियंत्रण रखें। दफ्तर में भी पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। वरना आप किसी परेशारी में आ सकते हैं।

**सिंह राशि :** गुरु का अस्त होना सिंह राशि वालों के लिए समस्या खड़ी कर सकता है। इस दौरान आपको अचानक सेहत संबंधी कारणों से धन का खर्च करना पड़ सकता है। इसलिए खान-पान का ध्यान रखें और स्वास्थ्य को बेहतर रखें।

**मकर राशि :** गुरु के वृषभ राशि में अस्त होने से मकर राशि वाले विशेषकर अपनी वाणी पर संयम रखें, क्योंकि इस दौरान आपकी बातों से किसी को चोट पहुंच सकती है और ये आपका नुकसान भी करा सकती है।

## अक्षय तृतीया पर तिजोरी में रखें ये चीजें धन चुंबक की तरह खिंचा चला आएगा

हिंदू त्योहारों में आखा तीज यानी अक्षय तृतीया जैसे बहुत कम दिन होते हैं जिन्हें बहुत शुभ माना जाता है। इस दिन लक्ष्मी जी का आशीर्वाद और धन प्राप्ति के लिए सोना, संपत्ति, आदि खरीदना समृद्धिदायक होता है। अक्षय तृतीया 10 मई को है. इसके अलावा शास्त्रों में कुछ ऐसी चीजें भी बताई गई हैं जो अक्षय तृतीया के दिन तिजोरी में रखने से धन की आवक बढ़ती है। साल भर पैसों की कोई कमी नहीं होती।



### अक्षय तृतीया पर इन चीजों से होती है बरकत

**चांदी का सिक्का** - अक्षय तृतीया पर चांदी का सिक्का खरीदकर लाएं और इसी लक्ष्मी जी को अर्पित करें। इसके बाद चांदी का सिक्का लाल कपड़े में बांधकर तिजोरी या धन स्थान पर रख देंद्ध मान्यता है सालभर धन का अभाव नहीं रहता। तिजोरी हमेशा भरी रहती है।

**शंखपुष्पी की जड़** - शंखपुष्पी का पौधा जहां होता है वहां बरकत हमेशा रहती है। अक्षय तृतीया के दिन आप शंखपुष्पी की जड़ को गंगाजल से धो लें। फिर इसमें केसर का तिलक लगाकर चांदी की डिब्बी में रख दें। ये डिब्बी धन के स्थान पर रखना है। कहते हैं ये उपाय गरीब को भी मालामाल बना देता है।

**श्रीफल** - श्रीफल को मां लक्ष्मी और भगवान कुबेर का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि तिजोरी, दुकान के गल्ले में श्रीफल रखने से पैसों की कभी कमी नहीं होती। वास्तु दोष भी दूर होता है। अक्षय तृतीया के दिन श्रीफल को लाल कपड़े में बांधकर तिजोरी में रखें।

**हल्की की गांठ के साथ कौड़ी** - हल्दी को भगवान विष्णु और ग्रह बृहस्पति का प्रतीक माना गया है। वहीं कौड़ी मां लक्ष्मी का प्रतीक होती है। ऐसे में धन प्राप्ति के लिए अक्षय तृतीया पर एक हल्दी की गांठ, पीली कौड़ी के साथ पीले कपड़े में बांधकर तिजोरी में रखें। कंगाली दूर होगी।

**कुबेर यंत्र** - अक्षय तृतीया पर सुख समृद्धि और सौभाग्य की कामना को पूरा करने के लिए कुबेर यंत्र विधि-विधान से स्थापित करें। पूजा के बाद इसे तिजोरी में रख दें। समय-समय पर इसकी उपासना करते रहें जैसे पूर्णिमा, धनतेरस, दिवाली पर. कहते हैं इसके प्रभाव से धन की किल्लत नहीं होती।



## मच्छरों से मिलेगी निजात इनके इस्तेमाल से भाग जाएंगे घर के बाहर

जैसे-जैसे तापमान बढ़ रहा है, वैसे-वैसे मच्छर जनित बीमारियों के मामले भी बढ़ रहे हैं। ये छोटे-छोटे खून चूसने वाले कीट न केवल काटने पर खुजली का कारण बनते हैं, बल्कि डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों को फैलाने का भी खतरा उत्पन्न करते हैं। आइए आज हम आपको कुछ ऐसी प्रभावी चीजों के बारे में बताते हैं, जिनका इस्तेमाल प्राकृतिक तौर पर मच्छर भगाने के लिए किया जा सकता है।

### सिट्रोनेला तेल

लेमनग्रास पौधे की पत्तियों और तनों से प्राप्त सिट्रोनेला तेल एक प्रसिद्ध प्राकृतिक मच्छर निरोधक है। इसका कारण है कि इस तेल की महक मच्छरों को सहन नहीं होती है। लाभ के लिए सिट्रोनेला तेल की कुछ बूंदों को नारियल या जैतून के तेल के साथ मिलाएं, फिर इस मिश्रण में रूई के टुकड़े भिगोकर घर के कोने-कोने में रखें। आप चाहें तो आंगन या बगीचे में सिट्रोनेला मोमबत्तियों का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

### नीम



एंटीसेप्टिक और एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर नीम में तेज गंध होती है, जो मच्छरों को दूर रखती है। लाभ के लिए नीम के तेल को नारियल के तेल में मिलाएं। अब इस मिश्रण को एक स्प्रे की बोतल में भर लें। इसके साथ ही उबला हुआ पानी और विच हेजल तेल की कुछ बूंदें भी बोतल में डालकर मिश्रण को अच्छे से मिलाएं और उसका स्पे करें।

### लैवेंडर का पौधा लगाएं

लैवेंडर न केवल अपनी मनमोहक खुशबू के लिए जाना जाता है, बल्कि यह मच्छरों को दूर करने में भी मदद कर सकता है। इसका कारण है कि लैवेंडर की महक मच्छरों को सहन नहीं होती है। इसलिए अपने बगीचे में लैवेंडर का पौधा लगाने या घर के अंदर लैवेंडर के गमले रखने से आसपास के क्षेत्र में मच्छरों की गतिविधि को कम करने में मदद मिल सकती है।

### लहसुन के पानी का करें छिड़काव

लहसुन की तीखी महक भी मच्छरों को आपके पास मंडराने से रोक सकती है। पानी में कुछ लहसुन की कलियां डालकर अच्छे से उबालें, फिर इस पानी को ठंडा करके घर के कोने-कोने में उसका छिड़काव करें। नियमित रूप से लहसुन का सेवन करने से आपके मुंह से मच्छरों को दूर भगाने वाली गंध निकलने लगती है।

### पेपरमिंट एसेंशियल तेल

घर के आसपास से मच्छर भगाने के लिए पेपरमिंट एसेंशियल तेल भी काफी प्रभावी है। लाभ के लिए आप मॉस्किटो स्प्रे बना सकते हैं। मॉस्किटो स्प्रे बनाने के लिए सेब के सिरके को थोड़े से पानी के साथ मिलाएं और फिर उसमें पेपरमिंट एसेंशियल ऑयल डालकर अच्छी तरह मिलाएं। अब इस मिश्रण को एक स्प्रे बोतल में डालकर आवश्यकतानुसार इस्तेमाल करें।

**कार्नर न्यूज**

### शानदार प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेने के साथ ही चिलचिलाती गर्मी से कुछ राहत

# मई में घूमने की योजना है तो इन जगहों का करें चयन, यात्रा बन जाएगी यादगार

*मई के दौरान कई स्कूलों में गर्मियों की छुट्टी पड़ जाती है। ऐसे में माता-पिता बच्चों के साथ घूमने की योजना बनाते हैं। इसके लिए अगर आप ऐसी जगह की तलाश में हैं, जहां शानदार प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेने के साथ ही चिलचिलाती गर्मी से कुछ राहत मिल सके तो भारत में आपको कुछ बेहतरीन विकल्प मिल सकते हैं। आइए आज हम आपको कुछ खूबसूरत पर्यटन स्थलों के बारे में बताते हैं, जहां मई में घूमना अच्छा है।*



### बीर बिलिंग (हिमाचल प्रदेश)

बीर बिलिंग प्रकृति नजारों, धार्मिक स्थल और एडवेंचर गतिविधियों के लिए आदर्श माना जाता है।इस जगह पर आकर चोकलिंग मठ, बैजनाथ मंदिर, गुनेहर जलप्रपात, हिरण पार्क संस्थान और धर्मालय संस्थान को भी अपनी यात्रा का हिस्सा बनाएं। मई का महीना इस पर्यटन स्थल की यात्रा करने और पैराग्लाइडिंग जैसी विभिन्न एडवेंचर गतिविधियों का आनंद लेने का सही समय है क्योंकि इस दौरान यहां का मौसम सुहावना रहता है।



### अल्मोड़ा (उत्तराखंड)

उतराखंड के अल्मोड़ा में साल भर खुशनुमा मौसम रहता है। अल्मोड़ा में लख उडियार, जीरो पॉइंट, कसार देवी मंदिर, जागेश्वरी और ब्राइट एंड कॉर्नर नामक जगहें घूमने के लिए बेहतरीन हैं। यहां की सैर आपको धरती पर जन्नत का अहसास करा सकती है क्योंकि लहरदार पहाड़ियों और खूबसूरत झीलों के साथ अल्मोड़ा एक अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करता है।

### वायनाड (केरल)

केरल के पश्चिमी घाट में लगभग 700-1,200 मीटर की ऊंचाई पर बसा एक आकर्षक हिल स्टेशन है, जो कोहरे से ढके पहाड़, पहाड़ी नदियों, चाय-कॉफी के बागान और मसालों के बागान के लिए काफी प्रसिद्ध है। यही नहीं वायनाड में कई प्राचीन मंदिर भी मौजूद हैं और हर मंदिर से कोई न कोई दिलचस्प कहानी जुड़ी हुई है, जो आपको इतिहास के पन्ने पलटने पर मजबूर कर सकती हैं।

### माउंट आबू वन्यजीव अभ्यारण्य (राजस्थान)

राजस्थान के माउंट आबू पर्वत श्रृंखला के सबसे पुराने और सबसे स्थापित हिस्सों में से एक माउंट आबू वन्यजीव अभयारण्य लगभग 300 मीटर चौड़ा और सात किलोमीटर लंबा है। उत्तम वनस्पतियों और जीवों को संरक्षित करने के लिए इस जगह को 1960 में वन्यजीव अभयारण्य घोषित किया गया था। अगर आप इन वन्यजीवों के बारे में विस्तार से जानना चाहते हैं तो इस पर्यटन स्थल की सैर जरूर करें।



### बीकानेर (राजस्थान)

राजस्थान का बीकानेर शहर प्रकृति के खूबसूरत नजरों को भी खुद में समेटे हुए हैं। यहां का जूनागढ़ किला और करणी माता मंदिर भी बहुत प्रसिद्ध है। जूनागढ़ किले में एक खूबसूरत मंदिर है और यहां पर एक बेहतरीन आर्ट गैलरी भी बनाई गई है, जबकि मंदिर में 25,000 से भी ज्यादा चूहे हैं, जो पर्यटकों के ध्यान को अपनी ओर आकर्षित करते हैं।

## फिल्म इवेंट

### पंजाबी

## मनोरंजन फिल्म 'नानक नाम जहाज है' का संगीत हुआ रिलीज




**मुंबई।** भारतीय सिने जगत की चर्चित निर्देशिका कल्याणी सिंह द्वारा लिखित और निर्देशित और राइट इमेज इंटरनेशनल के बैनर तले निर्मित पंजाबी फिल्म 'नानक नाम जहाज है' का संगीत मुंबई के पांच सितारा होटल सन एंड सन में रिलीज किया गया, फिल्म के निर्माता मान सिंह और वेदांत सिंह है। यह फिल्म 24 मई को रिलीज होगी। यह आस्था व विश्वास पर आधारित एक सोशल फिल्म है। आस्था व विश्वास के प्रति अलख जगाती इस फिल्म के भव्य समारोह में, फिल्म अभिनेता मुकेश ऋषि, बिंदु दारा सिंह, अभिनेत्री रमनदीप कौर, गुरप्रीत कौर, राजेश सहलोत और पार्श्व गायक अरविंदर सिंह और बॉलीवुड के कई शख्सियत की मौजूदगी में 'सनातन वर्ल्ड' म्यूजिक कंपनी के सी.एम.डी.; एस.के. तिवारी ने फिल्म का संगीत जारी किया। इस फिल्म के अन्य पार्श्व गायक और गायिका हैं हर्षदीप कौर, तरन्नुम मलिक, इंदरप्रीत सिंह, कल्याणी सिंह और नक्षत्तर गिल। आस्था और विश्वास की इस कड़ी में रियालयंस एंटरटेनमेंट प्रस्तुत और राइट इमेज इंटरनेशनल प्रोडक्शन की नवीनतम पंजाबी फिल्म 'नानक नाम जहाज है' 24 मई को वर्ल्ड वाइड रिलीज हो रही है।

### बंगाल

## हिंदी व बांग्ला फिल्म गिरगिट को लेकर धागा प्रोडक्शन उत्साहित



**कोलकाता।** धागा प्रोडक्शन एक बार फिर से चर्चा में है। धागा प्रोडक्शन के बैनर तले बनी "एटा आमादेर गोल्पो" थिएटर में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। ऐसे में धागा प्रोडक्शन ने पीयरलेस होटल स्थित बैस एंड बैरेल रेस्टोपब में एक गाला इवेंट का आयोजन करके अपने आगामी प्रोडक्शन के बारे में बताया। धागा प्रोडक्शन अपनी आगामी हिंदी फिल्म गिरगिट को लेकर उत्साहित है। गिरगिट फिल्म का निर्देशन बाप्पा ने किया है और मुख्य भूमिका में पायल मुखर्जी के साथ ही दिब्येंदु भट्टाचार्य भी नज़र आएंगे। इसके साथ ही देबलीना दत्ता और बासब दत्ता चटर्जी आगमी फिल्म त्रिभुज की नायिका के रूप में दिखेंगे जबकि फिल्म नेगेटिव में एक्टर राहुल अरुणोदय बनर्जी और राणा बसु ठाकुर दिखाई देंगे। इनके अलावा एटा आमादेर गोल्पो की निर्देशक मानसी सिन्हा, अभिनेत्री अपराजिता आध्या, म्यूजिक डायरेक्टर प्रांजल दास, बांग्लादेशी अभिनेत्री तारीन जहाँ, पूजा करमाकर, जूनी सरकार, तापसी मुंशी, आर्य दास गुप्ता, जुधाजीत बनर्जी के साथ ही बांग्ला फिल्म के कई जाने पहचाने चेहरे उपसथ्ति रहे। क्लिक ओटीटी के कर्णधार नीरज तांत्या, फैशन फोटोग्राफर कौस्तव साइकिया, सिद्धा रियल एस्टेट के मार्केटिंग हेड पिंकल नंदी, जेन प्रोपेर्तिसे के अनूपुरबा बोस ने भी शिरकत की।

### हरियाणा

## फ़िल्म 'टिप्पसी' के हरियाणवी किरदार में कायनात अरोड़ा ने जमाया रंग



**मुंबई।** कायनात अरोड़ा भारतीय मनोरंजन उद्योग में एक ऐसा नाम है जिसके पास निश्चित रूप से लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने वाला लुक, प्रतिभा, आकर्षण और बुद्धि है। दिवा वर्तमान में अपनी आगामी फिल्म 'टिप्प्सी' के रूप में दिल जीत रही हैं, जहां वह स्क्रीन पर एक हरियाणवी किरदार निभा रही हैं। लुक से लेकर तैयारी तक सब कुछ उनके लिए सही रहा है और इसीलिए वह श्रीमती से हरियाणवी भाषा की कक्षाएं लेने की हद तक भी गई हैं। सुनीता शर्मा जिन्होंने पहले दंगल गर्ल्स, सांड की आंख में तापसी पन्नू और तनु वेड्स मनु रिटर्न्स के लिए कंगना रनौत को प्रशिक्षित किया है। फिल्म का आधिकारिक ट्रेलर रिलीज़ हो गया है और तब से, कैन को अपने अभिनय के लिए भारी सराहना मिल रही है। कई साल हो गए हैं जब दिवा पूरी तरह से मनोरंजन क्षेत्र में धूम मचा रही हैं और हर गुजरते साल के साथ, उद्योग में उसका कद बड़ा और बेहतर होता जा रहा है। अगर ट्रेलर ही उन्हें इतना प्यार दिला सकता है, तो हमें आश्चर्य है कि जब फिल्म रिलीज होगी तो क्या होगा। खैर, प्यार के बारे में बात करते हुए, एक और कारण है कि कायनात अरोड़ा वर्तमान में दिल चुरा रही है और सभी लाइमलाइट सहजता से उसकी आकर्षक और चुंबकीय हॉट ऑल-ब्लैक पोशाक के कारण है, जो उसने एले अवाड्र्स 2024 में पहनी थी। साफ़ हेयरस्टाइल ने निश्चित रूप से उसके स्वैग और आकर्षण को और अधिक आकर्षक बना दिया। इस तथ्य को देखते हुए कि वह एक प्राकृतिक सुंदरता और सनसनी है, हमें यह पसंद आया कि कैसे उसने न्यूनतम मेकअप के साथ आत्मविश्वास से अपना पूरा अवतार निभाया।

## मिरर वर्क ट्रेंड का जलवा है बरकरार

लाइफ स्टाइल




इन दिनों शादियों का सीजन चल रहा है, इस मौसम में फैशन का एक अलग ही रंग होता है। इन दिनों महिलाएं नए- नए ट्रेंडी और फैशनेबल कपड़े पहनकर सबसे अलग दिखने की कोशिश में रहती हैं। जो महिलाएं अपने कपड़ों व लुक को लेकर थोड़ा उलझन में हैं वह मिरर वर्क ड्रेस पर भरोसा कर सकती हैं जिसका फैशन कभी पुराना नहीं होता। कुर्ती हो या फिर साड़ी मिरर वर्क सभी में क्लासी और रॉयल लगता है। मिरर वर्क लहंगा : अगर आप शादी या त्योहारों में कुछ हटकर दिखना चाहती तो तमन्ना भाटिया जैसा ग्रीन कलर का बेहद ही स्टाइलिश मिरर वर्क लहंगा ट्राई कर सकती हैं। अगर आप ज्यादा रिवीलिंग ड्रेस नहीं पहनना चाहती हैं तो लॉन्ग कुर्ती ट्राई कर सकती हैं।

# पसीना से केकी हो जाता है मेकअप, इन टिप्स के जरिए चेहरा बनाएं खूबसूरत

गर्मियों में बढ़ते तापमान और धूप की वजह से पसीना आना एक आम समस्या है। इसके कारण चेहरे पर लगाया हुआ मेकअप भी केकी और परतदार होने लगता है। केकी या पैची मेकअप में आपका मेकअप सीमलेस और प्राकृतिक नहीं दिखता। मेकअप के केकी होने पर आपका आत्मविश्वास भी कम हो सकता है। मेकअप को केकी होने से रोकने के लिए आप ये सरल मेकअप टिप्स अपना सकती हैं।

**प्राइमर का करें इस्तेमाल :** अपने चेहरे पर मेकअप के अन्य उत्पाद लगाने से पहले प्राइमर इस्तेमाल करें। यह आपके मेकअप को चिकना रखता है और सीमलेस लुक प्रदान करता है। प्राइमर को बेस उत्पाद के तौर पर लगाने से आपका मेकअप केकी नहीं दिखेगा। इसके इस्तेमाल से त्वचा के रोम-छिद्र कम हो जाते हैं और उनमें फाउंडेशन व कंसीलर जैसे उत्पाद नहीं भरते। इसके अलावा प्राइमर आपके मेकअप को फटने से भी रोकता है। आप घर पर भी फेस प्राइमर बना सकती हैं।



**सेटिंग स्प्रे से सेट करें मेकअप :** सेटिंग स्प्रे इस्तेमाल करने से आपका मेकअप लंबे समय तक अपनी जगह पर टिका रहता है। केकी मेकअप से बचने के लिए मेकअप हो जाने पर उस पर 3 बार सेटिंग स्प्रे डालें। बाजार में कई तरह के सेटिंग पाउडर भी मिलते हैं, जिन्हें आप इसके विकल्प के रूप में इस्तेमाल कर सकती हैं। जानिए सेटिंग स्प्रे और सेटिंग पाउडर में से कौन-सा उत्पाद ज्यादा कारगर है।

### सही उत्पाद चुनें

अपनी त्वचा के प्रकार के अनुसार सही मेकअप उत्पादों का चयन करना जरूरी होता है। तैलीय त्वचा वाली महिलाओं को मैट फाउंडेशन और पाउडर लगाना चाहिए, वहीं सूखी त्वचा वाली महिलाओं को क्रीम वाले उत्पाद इस्तेमाल करने चाहिए। गर्मी के मौसम में मेकअप करने के लिए सभी महिलाओं के पास ये उत्पाद होने चाहिए। अगर आपकी त्वचा तैलीय है और आप अपने मेकअप के लिए क्रीमी फाउंडेशन इस्तेमाल करते हैं तो यह आपके मेकअप को पैची बना सकता है।

### त्वचा को करें एक्सफोलिएट

मेकअप करने वाली महिलाएं अपने चेहरे को सही तरह से साफ करने के लिए हफ्ते में 2 बार स्क्रब लगाएं। स्क्रब की मदद से आप चेहरे को एक्सफोलिएट कर सकेंगी। आप टमाटर और चीनी की मदद से भी चेहरे को एक्सफोलिएट कर सकती हैं। यह आपके मेकअप के लिए एक चिकनी सतह बनाकर यह सुनिश्चित करेगा कि मेकअप केकी न दिखे।

## पहनें लखनवी चिकनकारी की कुर्तियां गर्म मौसम में भी रहेंगी कूल-कूल

फैशन



गर्मी में हमें ठंडक का एहसास देने वाले आरामदायक कपड़े ही पहनने चाहिए। इस मौसम में महिलाओं के फैशन रुझानों में कुर्तियां पहनना बढ़िया रहता है। गर्मियों में खूबसूरत दिखने के लिए आप लखनऊ की मशहूर चिकनकारी कुर्तियां पहनें। चाहे आप किसी पार्टी में शामिल होने वाली हों या कॉलेज जाने वाली हों, चिकनकारी की कुर्तियां हर मौके पर सुंदर दिखती हैं। ये कुर्तियां हर महिला व युवतियों की अलमारी में होनी ही चाहिए, क्योंकि इनके जरिए सबसे अलग लुक मिल सकता है। आप गर्मी में आराम पाने के लिए इन तरह की चिकनकारी की कुर्तियां पहन सकती हैं।

**कॉटन की चिकनकारी कुर्ती :** तेज गर्मी के बीच सभी कॉटन के कपड़े पहनने की सलाह देते हैं। कॉटन के कपड़े से बनी चिकन की कुर्तियां सबसे ज्यादा मशहूर होती हैं। इन्हें पहनकर आप स्टाइलिश तो दिखेंगी ही, साथ ही आप अपना आराम भी सुनिश्चित कर सकेंगी। यह कुर्ती कॉलेज और ऑफिस पहनकर जाने के लिए सबसे बढ़िया रहती है। गर्मी में इन फैशन ट्रेंड का बोल-बाला रहता है। कॉटन के कपड़े से बनी चिकनकारी कुर्ती में भी कई तरह की डिजाइन मिलती हैं।


**शार्ट चिकनकारी कुर्ती :** इन दिनों महिलाओं को शार्ट कुर्तियां बेहद पसंद आ रही हैं, जिनकी लंबाई टॉप जितनी होती है।बाजार में आपको कॉटन, जॉर्जेट और नेट के कपड़े से बनी चिकन की शार्ट कुर्तियां हर रंग में मिल जाएंगी। ये कुर्तियां आपको खूबसूरत दिखने के साथ-साथ गर्मी से राहत भी दिला सकती हैं। अधिक आराम पाने के लिए अपने साइज से थोड़ी बड़ी शार्ट कुर्ती पहनें। चिकनकारी शार्ट कुर्तियां पहनकर आप सबसे सुंदर और अलग दिख सकती हैं।

**चिकनकारी का शरारा सूट :** अगर आप किसी त्योहार या पार्टी में पहनने के लिए पारंपरिक पोशाक तलाश रही हैं तो चिकनकारी का शरारा सूट पहनें। यह बेहद सुंदर और शाही लुक पाने में आपकी मदद कर सकता है। आम तौर पर चिकनकारी का शरारा जॉर्जेट के कपड़े से बना होता है, जिस पर कढ़ाई करते वक्त ही चमकीले सितारे आदि जड़े जाते हैं। इसमें एक छोटी लंबाई वाली कुर्ती, सुंदर दुपट्टा और चौड़े पैरों वाला शरारा शामिल होता है।

## पुराने फैशन का जलवा आज भी बरकरार, सिल्वर नोज पिन पहनकर दिखें सुन्दर और स्टाइलिश

फैशन के बारे में कहा जाता है कि यह मौसम की तरह लौटकर वापस आता है। आज के युवा 90 के दशक के फैशन को फिर से अपने साथ जोड़ने में सफल हो रहे हैं। कहते है पुराना फैशन वापस लौटकर जरूर आता। फिर चाहे वो कपड़े हों या ज्वैलरी या फिर कुछ औरपुराने फैशन का जलवा आज भी बरकरार है और इसी फैशन ट्रेंड्स में इन दिनों एंटीक सिल्वर कलर की नोजपिन इन दिनों युवतियों और महिलाओं को काफी पसंद आ रही हैं।

लडकियां हों या महिलायें सभी इन नोजपीन्स को ट्रेडिशनल के साथ-साथ वेस्टर्न लुक के साथ भी यूज कर रही है। यही कारण है कि महिलाओं और लड़कियों में इसकी ख़ास डिमांड है। आज हम अपने पाठकों को कुछ ऐसी ही नोज पिन के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें पहनकर वे स्वयं को स्टाइलिश दिखाने में सफल हो सकती हैं साथ अपनी सुन्दरता को बढ़ाने का प्रयास भी कर सकती हैं।



### एंटीक नोज रिंग देती यूनिक लुक

इन दिनों युवा नोज पिन और नोज रिंग को लेकर कुछ नया ट्राई कर रहे हैं। आमतौर पर गर्ल्स गोल्ड की नोज रिंग पहना करती थी लेकिन अब गर्ल्स में एंटीक कलर की नोज रिंग काफी चलन में है। इन नोज रिंग की कीमत नोज पिन से भी कम है जो मार्केट में आपको आसानी से मिल जायेगी।

### पीकॉक नोज पिन गर्ल्स की पहली पसंद

पीकॉक वाली नोज पिन भी लड़कियों को खूब पसंद आ रही है। सिल्वर कलर की ये एंटीक नोज पिन आप नाक बिना छिदे ही पहन सकते हैं जो एथनिक वियर पर एलिगेंट लुक देती है। गर्ल्स में इनकी काफी डिमांड भी है इन्हें खरीदने के लिए आपको स्पेशल मार्केट जाने की जरूरत नहीं है, बल्कि आप इसे ऑनलाइन भी ऑर्डर कर सकते हैं।

## सांवली स्किन से न हों निराश, निखार के लिए महिलाएं अपनाएं ये टिप्स

अक्सर महिलाएं अपनी सांवली स्किन को लेकर परेशान रहती हैं जिससे उनको लगता है कि वे गोरी स्किन वाले लोगों से कम खूबसूरत हैं। आप हमेशा चेहरे की स्किन पर कच्चे दूध का इस्तेमाल करें, इससे आपके चेहरे पर गंदगी नहीं रहेगी और चेहरा एकदम साफ़ रहेगा। आज हम आपको इसके कुछ तरीके बताने जा रहे है।



### बिना किसी परेशानी घर पर ही करें तैयार

दूध की मलाई में नींबू का रस और चुटकी भर हल्दी मिलाकर रात में चेहरे पर लगाएं। इससे भी आपकी स्किन खिली-खिली नजर आएगी।

आप इमली को भिगोकर उसे चेहरे पर लगाए और हल्के हाथों से चेहरे की मसाज करें, ऐसा करने से स्किन में गोरापन आएगा साथ ही स्किन कम सांवली नजर आएगी।

चेहरे का रंग निखारने के लिए आप चने की दाल को रात में कच्चे दूध में भिगो दें, फिर सुबह चेहरे पर लगाएं इससे चेहरे की रंगत निखर जाएगी।

मुल्लानी मिट्टी में चुटकी भर हल्दी मिलाकर लगाने से त्वचा साफ होती है। अगर आपकी स्किन पर दाग धब्बे है तो इन्हें दूर करने के लिए आप बेसन में थोड़ी-सी हल्दी मिलाकर साबुन की जगह इसका प्रयोग करें।

कार्नर न्यूज

## दिखने में स्टाइलिश, समर के लिए हल्का और काफी कूल लगता है

*गर्मी के दिन अपने चरम पर पहुँच रहे हैं। ऐसे में हर कोई स्टाइलिंग टिप्स ढूंढ रहा है। हर किसी को गर्मियों के दिनों में स्वयं को अलग दिखाना है। गर्मी के दिनों में कपड़े की दुकानों पर क्रॉप टॉप की माँग बढ़ गई है, क्योंकि यह दिखने में स्टाइलिश, समर के लिए हल्का और काफी कूल लगता है।*

# गर्मी में हल्के पहनावे से दिखें स्टाइलिश क्रॉप टॉप बना युवतियों की पहली पसन्द



### शीयर टॉप के साथ क्रॉप टॉप

अगर आप फैशन ट्रेंड्स पर नजर रखते हैं तो आप जानते ही होंगे कि इन दिनों शीयर टॉप काफी चलन में हैं। ऐसे में इन टॉप्स के साथ क्रॉप टॉप या ब्रालेट को स्टाइल किया जा सकता है, जो क्लासी लुक देंगे।

### बाईकर्स शॉर्ट्स के साथ बेस्ट है क्रॉप टॉप

बाइकर या साइकिलिंग शॉर्ट्स के साथ भी क्रॉप टॉप काफी जमते हैं। आप भी इन्हें जिम के लिए जाते वक्त या साइकिलिंग करते वक्त कैरी कर सकती हैं।



### साड़ी के साथ करे टीमअप

लहंगा या क्रॉप टॉप के साथ वैसे तो हम में से कई लोग अब क्रॉप टॉप्स कैरी करने ही लगे हैं। आप ये मत सोचिएगा कि ये ट्रेंड अब पुराना हो चला है। ये ट्रेंड आज भी उसी तरह से ताजा है जैसे कि पहले था। तो अब भी हम आपको सजेस्ट करेंगे कि चोली या ब्लाउज पर पैसे पर्बाद करने से अच्छा है कि आप रफल स्लीव्स, स्ट्रैपलेस, स्लीवलेस और भी डिजाइंस वाले क्रॉप टॉप ले लें।

### समर यानी क्रॉप टॉप का सीजन

ऐसे में समर सीजन को क्रॉप टॉप का सीजन भी कहा जाता है और इन दिनों क्रॉप टॉप को केवल वेस्टर्न लुक के लिए ही नही बल्कि क्रॉप टॉप को इंडियन वेयर के साथ भी स्टाइल किया जा सकता है लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसके अलावा भी और कई तरीके हैं जिससे आप क्रॉप टॉप को स्टाइल कर सकती हैं और बेहद स्टाइलिश लग सकती हैं।

### क्रॉप टॉप देगा इंडोवेस्टर्न लुक

क्रॉप टॉप केवल एक टॉप ही नहीं है जिसे केवल जींस के साथ पहना जाए। ये बटन वाली शर्ट के रूप में भी आते हैं। जिन्हें स्कर्ट के साथ आसानी से कैरी किया जा सकता है। ये दिखने में स्टाइलिश लगेंगे और आपको इंडो वेस्टर्न लुक देंगे।

### क्रॉप टॉप विद स्कर्ट

क्रॉप टॉप केवल एक टॉप ही नहीं है जिसे केवल जींस के साथ पहना जाए। ये बटन वाली शर्ट के रूप में भी आते हैं जिन्हें स्कर्ट के साथ आसानी से कैरी किया जा सकता है। ये दिखने में स्टाइलिश लगेंगे और आपको इंडो वेस्टर्न लुक देंगे।